दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 04 : अंक : 29 | ग्वालियर, शुक्रवार 19 मार्च 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8

न्यूज ट्रैक

बीजेपी ने जारी की 148 उम्मीदवारों की लिस्ट, 6 मुस्लिम कैंडिडेट भी उतारे

कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में उम्मीदवारों की नई लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में पांचवें, छठे, सातवें और आठवें चरण के उम्मीदवारों के नाम हैं। बीजेपी ने आज 148 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिसमें पार्टी के उपाध्यक्ष मुकुल रॉय का नाम भी शामिल हैं। इससे पहले पार्टी ने 57 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इस तरह पार्टी अब तक 205 कैंडिडेट उतार चुकी है। लोकसभा चुनाव में 18 सीटों पर जीत दर्ज करने वाली पार्टी ने विधानसभा चुनाव में 200 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय किया है। पार्टी ने कई मुस्लिम उम्मीदवारों को भी टिकट दिया है। इनमें से अधिकतर महिलाएं हैं। पार्टी ने हरिश्चंद्रपुर से मोहम्मद मतीउर रहमान, सागरदिघी से माफुजा खातून, भागवानगोला से महबूब आलम, रानीगर से मसुहारा खातुन, सुजारपुर से एडवोकेट एस के जियाउद्दीन, डोमकल से रुबिया खातुन को टिकट दिया गया है।

टीवी के राम अरुण गोविल बीजेपी में शामिल हुए, 5 राज्यों के चुनाव से पहले लिया फैसला

नई दिल्ली। लोकप्रिय टीवी सीरियल रामायण में भगवान राम का अभिनय करने वाले एक्टर अरुण गोविल बीजेपी में शामिल हो गए हैं। गुरुवार को बीजेपी के दफ्तर पहुंचकर अरुण गोविल ने बीजेपी की सदस्यता ली। पश्चिम बंगाल, असम समेत 5 राज्यों के चुनावों से ठीक पहले अरुण गोविल ने बीजेपी में शामिल होने का फैसला लिया है। चुनावों से पहले बीजेपी के लिए यह अहम है। मेरठ के कैंट इलाके में जन्मे अरुण गोविल ने सहारनपुर और शाहजहांपुर में अपनी स्कूली शिक्षा हासिल की थी। इसके बाद मथुरा से बीएससी किया था। रामायण सीरियल में एक्टिंग से चर्चा में आए अरुण गोविल ने पहली बार 1977 में आई पहले फिल्म में एक्टिंग की थी। इस फिल्म को राजश्री प्रोडक्शंस ने तैयार किया था। 1980 के दशक में रामानंद सागर के पॉप्युलर टीवी सीरियल रामायण में भगवान राम का रोल प्ले करके वह चर्चा में आए थे। हालांकि लंबे समय तक वह चर्चाओं से परे थे, लेकिन बीते साल कोरोना काल में एक बार फिर से दूरदर्शन पर रामायण का प्रसारण हुआ था। ऐसे में वह एक बार फिर से लाइमलाइट में आ गए थे। इस नए दौर में जब सोशल मीडिया का उभार हुआ है, तब अरुण गोविल भी एक बार फिर से खासे लोकप्रिय हो गए हैं। वह अकसर सोशल मीडिया पर रामायण सीरियल से लेकर अन्य तमाम मुद्दों पर अपनी राय रखते रहे हैं।

पंजाब के 9 जिलों में बढ़ा नाइट कर्फ्यू का टाइम

चडीगढ़। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच एक बार फिर से पाबंदियों के दिन लौट आए हैं। पंजाब में कोरोना वायरस संक्रमण की रफ्तार को देखते हुए धीरे-धीरे और सख्ती बढ़ाई जा रही है। इस बीच मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने नाइट कर्फ्यू की अवधि को 2 घंटे और बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर ने ऐलान किया कि आज यानी गुरुवार रात से नाइट कर्फ्यू की टाइमिंग रात नौ बजे से सुबह पांच बजे तक होगी। इससे पहले नाइट कर्फ्यू की टाइमिंग रात 11 बजे से सुबह पांच बजे तक थी। यानी पंजाब के नौ जिलों में नाइट कर्फ्यू के समय में और दो घंटे की बढ़ोतरी की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मीडियाकर्मियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि विशेषज्ञों के परामर्श से अगले दो दिनों में और अधिक प्रतिबंध लगाए जाएंगे। राज्य में कोरोना की स्थिति खतरनाक है। मैं इसे लेकर काफी सख्त होने जा रहा हूं।

पीएम मोदी ने कांग्रेस को बताया बिना विचारधारा वाली पार्टी

बंगाल में लेफ्ट को लाल सलाम और केरल में नूरा-कुश्ती

गुवाहाटी।पश्चिम बंगाल के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भी रैली की। करीमगंज में उन्होंने भारती जनता पार्टी (बीजेपी) उम्मीदवारों के पक्ष में वोट मांगे और राज्य में फिर एकबार बीजेपी की सरकार बनाने की लोगों की अपील की। पीएम मोदी इस मौके पर कांग्रेस पार्टी पर भी जमकर बरसे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक तरफ भाजपा की नीति है, भाजपा का नेतृत्व है और भाजपा की नेक नीयत है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस है, जिसके पास ना तो नेता है, ना ही नीति है और ना ही विचारधारा है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस इतनी कमजोर हो गई है कि किसी भी हद तक जा सकती है, किसी के साथ भी हाथ मिला सकती है। यह विचित्र स्थिति आज पूरा देश देख रहा है। पश्चिम बंगाल में जिन वामपंथियों के साथ वो लाल-सलाम कर रहे हैं, उन्हीं के साथ केरल में नूरा-कुश्ती चल रही है।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान राज्य और केंद्र सरकार के कामकाज का भी जमकर बखान किया। उन्होंने कहा आज असम में विकास और विश्वास की लहर है, असम में शांति और समृद्धि का विश्वास है। आज असम में एक ही मुद्दा है विकास, तेज़ विकास, निरंतर विकास, सबका विकास। करीमगंज में पीएम मोदी ने कहा, दशकों पहले ये पूरा क्षेत्र बेहतर कनेक्टिविटी वाले हिस्सों में से एक था। लेकिन बरसों तक चले कांग्रेस के भ्रष्टाचार और वोट बैंक की राजनीति ने असम को सबसे अधिक डिस्कनेक्टिड राज्यों में शामिल कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस सरकारों और उनकी नीतियों ने असम को सामाजिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक और राजनीतिक हर तरह से नुकसान पहुंचाया। कांग्रेस की सरकारें बराक वैली के लिए डिविजनल कमिश्नर गुवाहाटी से चलाती रहीं, ये कितना बड़ा अन्याय था। एनडीए सरकार ने इस अन्याय को दूर किया। रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, असम के पुराने गौरव को लौटाने के लिए पारंपरिक ट्रेड रूट को फिर से मजबूत करने का प्रयास हो रहा है। जलमार्गों को बड़े कॉर्गो परिवहन के लिए भी तैयार किया जा रहा है। सिलचर में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि ये क्षेत्र आयात-निर्यात का हब बन सके।

सूचना मंत्री ने कहा-

24 घंटे में सोशल मीडिया से हटाना होगी महिलाओं की तस्वीर

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि नए दिशा-निर्देशों के अनुसार यदि किसी महिला की नग्न या मॉर्फ्ड तस्वीर सोशल मीडिया पर डाली जाती है तो इसे 24 घंटे के अंदर हटाना होगा. मंत्री ने प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल के जवाब में ये बात कही. उन्होंने यह भी कहा कि देश में इंटरनेट साम्राज्यवाद स्वीकार नहीं है और सरकार इस पर एकाधिकार नहीं होने देगी. उन्होंने यह भी साफ किया कि देश में चुनावों को प्रभावित करने का कोई खतरा नहीं है क्योंकि मंत्रालय चुनाव आयोग के साथ मिलकर काम कर रहा है. रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कोई भी सामग्री जो भारत विरोधी है या पब्लिक ऑर्डर के खिलाफ है, उसे नए दिशानिर्देशों के अनुसार 36 घंटे के अंदर हटा देना चाहिए. उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों को उपयोगकर्ताओं को सत्यापित करने के लिए कहा गया है ताकि कोई भी फर्जी खबर या नफरत फैलानी वाली सामग्री पोस्ट न कर सके. उन्होंने कहा कि यह स्वैच्छिक होगा और सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं होगी. मंत्री ने कहा कि सरकार आलोचनाओं का सामना करने के लिए तैयार है. इस पर कोई प्रतिबंध नहीं है. कांग्रेस सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने मंत्री से पूछा कि यदि उपयोगकर्ता फर्जी है, तो उसकी पहचान कैसे होगी. इस पर मंत्री ने कहा, इसकी जिम्मेदारी कंपनी पर होगी.

रेप पीड़िता के घर जाकर बंधवा लो राखी

बेल की शर्त को सुप्रीम कोर्ट ने पलटा, लगाई फटकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें रेप केस के एक आरोपी को बेल के लिए पीड़िता से राखी बंधवाने को कहा गया था। नौ महिला वकीलों की ओर से दायर याचिका की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च अदालत ने कहा कि इस तरह के केसों में रूढ़िवादिता से बचना चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने बेल की शर्त को चुनौती देते हुए कहा था कि इस तरह के आदेश महिला को एक वस्तु के रूप में दिखाते हैं। पड़ोसी पर यौन हमले के आरोप में उज्जैन की जेल में बंद आरोपी विक्रम बागरी ने अप्रैल 2020 में इंदौर में जमानत याचिका दायर की थी। 30 जुलाई को मध्य प्रदेश की इंदौर बेंच ने सशर्त जमानत दे दी। शर्तों में यह भी शामिल था कि आरोपी रक्षाबंधन पर आरोपी के घर जाएगा और राखी बंधवाएगा। आदेश में यह भी कहा गया था कि आरोपी पीड़िता को भाई की तरह रक्षा का वचन और 11 हजार रुपए देगा। उसे महिला और उसके बेटे के लिए कपड़े और मिठाई खरीदने के लिए अलग से 5 हजार रुपए देने को कहा गया था।

कोर्ट ने कहा था कि राखी बंधवाते हुए तस्वीर रजिस्ट्री में जमान करानी है।

बच्चे को गोद में लेकर सड़क पर बैठ गया बंदर, मां को नहीं दिया वापस

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर अक्सर कई वीडियो वायरल होते रहते हैं। इन वीडियोज में कुछ तो काफी फनी होते हैं और कुछ हमें हैरान कर देते हैं। ऐसा ही एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखकर आप हैरान हो जाएंगे। हम अक्सर देखते हैं कि लोग पालतू जानवरों को पालते हैं, इनमें कुत्ता, बिल्ली, खरगोश के अलावा भी कई जानवर होते हैं। कई बार ये जानवर घरों में छोटे बच्चों के साथ खेलते या उन पर प्यार दिखाते भी नजर आते हैं। लेकिन क्या आपने किसी आवारा जानवर को जो पालतू ना हो उसे किसी छोटे बच्चे को प्यार करते या पुचकारते देखा है? वो भी तब जब वो एक बंदर हो? आपका जवाब शायद नहीं होगा। लेकिन एक ऐसा ही वीडियो सोशल मीडिया पर देखने को मिल रहा है, जिसमें एक बंदर एक छोटे बच्चे को बड़े प्यार से गोदी में लेकर सड़क पर बैठा हुआ है और बच्चे को कहीं भी नहीं जाने दे रहा है। यहां तक कि बच्चे की मां भी बंदर के पास जाकर उससे बच्चे को वापस लौटाने को कहती है लेकिन बंदर ऐसा करने के मूड में एकदम नजर नहीं आता है। वहीं, बच्चा भी बंदर से डर नहीं रहा है और ना ही रो रहा है। यह देखकर आस-पास मौजूद सभी लोग काफी हैरान है कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है। इस वीडियो को पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भी शेयर किया है। इस गाने में बैकग्राउंड म्यूजिक भी बिल्कुल वीडिये के लिहाज से लगाई गई है। वीडियो के पीछे तेरे जैसा यार कहां...कहां ऐसा याराना बज रहा है। इस वीडियो को देखकर इंटरनेट यूजर तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। कोई बंदर को बच्चे का दोस्त बता रहा है, तो कोई कमेंट करके पूछ रहा है कि आखिर बंदर ने बच्चे को छोड़ा कैसे?

पीएम बनने का सपना देख रही हैं ममता बनर्जी ?

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आसोल पोरीबोर्टन (वास्तविक परिवर्तन) के आह्वान पर पलटवार करते हुए, तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कहा कि वह केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली सरकार को बदल देंगी। उन्होंने कहा कि बंगाल विधानसभा चुनाव जीतने के बाद दिल्ली का लक्ष्य बनाएंगी। ममता बनर्जी ने पश्चिम मिदनापुर जिले के खड़गपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, पोरिबोर्टन (परिवर्तन) हमारा नारा था। उन्होंने इसकी नकल की है। इसके बाद हम दिल्ली में परिवर्तन लाएंगे। बंगाल चुनाव जीतने के बाग हम दिल्ली का रुख करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में आसोल पोरीबोर्टन का नारा बुलंद किया। आपको बता दें कि यहां 27 मार्च से आठ चरणों में विधानसभा

चुनाव होने वाले हैं। भाजपा ने विधानसभा की 294 सीटों में से 200 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है, जबकि टीएमसी लगातार यह कह रही है कि बीजेपी को 100 सीटें भी नहीं मिलेंगी। ममता बनर्जी ने कहा, वे जानते हैं कि अगर ममता बंगाल में जीतती हैं तो यह उनके लिए एक बड़ा खतरा होगा क्योंकि वह दिल्ली आ सकती है और अन्य दलों के साथ एक वैकल्पिक तीसरा मोर्चा बना सकती हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले ममता बनर्जी ने केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को चुनैती देने के लिए क्षेत्रीय दलों के मोर्चे को एक साथ जोड़ने की कोशिश की थी। टीएमसी सुप्रीमो, जो आरोप लगाती रही हैं कि बंगाल के बाहर से बीजेपी समर्थित गुंडे चुनावों में धांधली करने आ रहे हैं, उन्होंने टीएमसी कार्यकर्ताओं के लिए तीन सूत्रीय जांच सूची भी तैयार की है। रैली के दौरान उन्होंने कहा, अगर आपको बताया जाता है कि ईवीएम खराब है तो उसे वापस नहीं जाने दें।

नितिन गडकरी ने लोकसभा में बताया- कोरोना से ज्यादा सड़क हादसों में मारे गए लोग

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि सरकार सड़क हादसों में कमी लाने के लिए गंभीर है, क्योंकि पिछले एक साल में जितने लोग कोविड-19 की वजह से मारे गए उससे अधिक लोगों ने दुर्घटनाओं में जान गंवाई है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार सड़क हादसों को लेकर चिंतित है और सड़क दुर्घटनाओं में कमी के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे। गडकरी ने कहा, हमारी सरकार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए गंभीर है। पिछले एक साल में 1.5 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए, जोकि कोविड से हुई 1.46 लाख मौतों से अधिक है। मंत्री ने यह भी कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए अधिकतर लोग 18-35 वर्ष के थे।

तीन महीने में पूरी दिल्ली को लगा सकते हैं टीका

ढिलाई बहुत हुई, अब सख्ती जरूरी : केजरीवाल

राजधानी दिल्ली में एक बार फिर तेजी से बढ़ते कोरोना के मामलों के बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन और स्वास्थ्य सचिव और अन्य व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद मुख्यमंत्री केजरीवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस

नई दिल्ली। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में पिछले 3 दिनों में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। यह मामूली वृद्धि है, इससे ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। दिल्ली सरकार सभी जरूरी कदम उठा रही है। हम विशेषज्ञों से राय ले रहे हैं। मेरी सभी लोगों से अपील है कि जो भी लोग टीका लगवाने के लिए पात्र हैं वो टीका अवश्य लगवाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी दिल्ली में हर रोज 30-40 हजार लोगों को कोरोना की वैक्सीन लग रही है। अब हम इसे बढ़ाकर सवा लाख तक ले जा रहे हैं। हम वैक्सीन केंद्रो की संख्या 500 से बढ़ाकर 1,000 करेंगे। सरकारी केंद्रों में वैक्सीन देने का समय सुबह 9 से शाम 5 बजे तक है। अब इसे बढ़ाकर सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक कर

दिया जाएगा। मेरा केंद्र से निवेदन है कि देश में वैक्सीन का उत्पादन बढ़ गया है, इसलिए मैं केंद्र से अनुरोध करता हूं कि अब टीके सबके लिए खोले जाएं। यह लिस्ट बनाने के बजाय कि कौन पात्र हैं, हमें उन लोगों की एक लिस्ट बनानी चाहिए जो अयोग्य हैं। हर किसी के लिए टीकाकरण की अनुमति होनी चाहिए। अगर केंद्र सरकार सभी के लिए टीकाकरण की अनुमति देती है और हमें पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन मिलती है तो हम 3 महीने के भीतर दिल्ली में सभी को टीका लगा सकते हैं। इसके लिए हमने आज एक योजना बनाई है। केजरीवाल ने आगे कहा कि सिस्टम को विकेंद्रीकृत किया जाना चाहिए और राज्यों को अपने तरीके से युद्धस्तर पर टीकाकरण करने की अनुमति दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रैकिंग, ट्रेसिंग और होम आइसोलेशन को सख्ती से लागू करने के आदेश दिए गए हैं। मास्क और सोशल डिस्टनसिंग का सख्ती से पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि मैं केंद्र से अपील करता हूं कि टीकाकरण केंद्रों के लिए उनके वर्तमान दिशानिर्देश बहुत कड़े हैं। अब हमें टीकाकरण में 2 महीने का अनुभव है, इसलिए कुछ नियमों में ढील देने के लिए हम केंद्र को लिख रहे हैं ताकि अधिक केंद्रों पर टीकाकरण किया जा सके। हम सभी सावधानी बरतेंगे। जानकारी के अनुसार, देश और दिल्ली में कोरोना का कहर एक बार फिर बढ़ने लगा है और दिन-प्रतिदिन संक्रमितों के बढ़ने का सिलसिला लगातार जारी है।

एक नजर...

अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना में 1012 दम्पतियों को दी गई प्रोत्साहन राशि

शिवपुरी। प्रदेश में छूआछूत को दूर करने के लिये अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग दम्पत्तियों को प्रोत्साहित कर रहा है। राज्य सरकार अब इन्हें प्रोत्साहित करने के लिये दो लाख रूपये का पुरस्कार दे रही है। वर्ष2020-21 में योजना में 20 करोड़ 24 लाख रूपये की राशि 1012 दम्पत्तियों को उपलब्ध कराई गयी है। योजना में ऐसे दम्पत्तियों को पुरस्कृत किया जाता है, जिसमें सवर्ण युवक अथवा युवती द्वारा अनुसूचित जाति की युवक एवं युवती से विवाह किया जाता है।

सामाजिक समरसता के लिये सद्भावना शिविर-सामाजिक समरसता के निर्माण के उद्देश्य से जिला मुख्यालय पर सद्भावना शिविर आयोजित किये जा रहे है। सद्भावना शिविर का आयोजन मुख्य रूप से प्रतिवर्ष दो अक्टूबर को किया जाता है। शिविर के माध्यम से जन-सामान्य को छूआछूत की सामाजिक बुराई के बारे में जानकारी दी जाती है।

नागरिक अधिकार का प्रभावी क्रियान्वयन-प्रदेश में उत्पीड़न के शिकार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों एवं उनके परिजनों को राहत राशि समय पर भुगतान करने के लिये योजना को लोक सेवा गारंटी अधिनियम में शामिल किया गया है। अनुसूचित जातियों को संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करने के लिये अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 तथा नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये वर्ष 2021-22 में 111 करोड़ 28 लाख रूपये का बजट में प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार ने प्रदेश के 43 जिलों में विशेष न्यायालय की स्थापना की है। प्रदेश के 7 जिलों में जिला एवं सत्र न्यायालय को विशेष न्यायालय के रूप में अधिसूचित किया है ताकि अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लोगों को त्वरित न्याय मिल सकें। मध्यप्रदेश देश में पहला राज्य जहाँ प्रत्येक जिले में अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत सभी जिलों में विशेष न्यायालयों की स्थापना की गई है।

नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन की तैयारी एक साथ करें

शिवपुरी। नगरीय निकाय और पंचायत निर्वाचन की तैयारी एक साथ करें। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दुर्ग विजय सिंह ने यह बात जिले के अधिकारियों के स्थानीय निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण में कही। प्रशिक्षण वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से हुआ। श्री सिंह ने कहा कि नाम निर्देशन-पत्रों की प्राप्ति, उनकी संवीक्षा, नाम वापसी और प्रतीक आवंटन के संबंध में सभी तैयारियाँ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा चाही गयी जानकारी तुरन्त उपलब्ध करवायें। श्री सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण बार-बार नहीं होगा। अतरू जो बातें आज बतायी जा रही हैं, उन्हें ध्यान से सुनें। पूरी प्रक्रिया में कोविड-19 की गाइड लाइन का शत-प्रतिशत पालन हो। प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स डॉ. समीरा नईम और श्री अजय काले ने निर्वाचन की घोषणा के बाद की जाने वाली कार्यवाही और आदर्श आचरण संहिता के बारे में बताया। श्री दीपक पाण्डे ने नाम निर्देशन-पत्रों की प्रस्तुति, संवीक्षा, और प्रतीक आवंटन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आई.ई.एम.एस. सहित निर्वाचन संबंधी अन्य आई.टी.टूल्स और एप्लीकेशन के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस दौरान उप सचिव श्री अरूण परमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नगरीय निकायों के आम निर्वाचन में 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों पर होगा अतिरिक्त अधिकारी

शिवपुरी। म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के दौरान कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण किये जाने हेतु निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत जिले के जिन मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है उन मतदान केन्द्रों को यथावत रखा जाए। साथ ही इन मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन के दौरान एक अतिरिक्त मतदान अधिकारी की नियुक्ति किया जाकर मतदान की प्रक्रिया आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराई जाए। म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के दौरान कोविड-19 के संकमण से बचाव हेतु मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण किये जाने हेतु निर्देश जारी किये गये हैं, जिसके अनुसार प्रति मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की संख्या 1000 रखे जाने का निर्देश है। मतदाता सूची 01 जनवरी 2021 की स्थिति में पुनरीक्षण के उपरांत कुछ मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की संख्या 1000 से अधिक हो गयी है। आयोग द्वारा मतदान समय में एक घण्टे की अवधि बढ़ायी गयी है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन पश्चात् मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की संख्या यथावत् रखने का आयोग द्वारा निर्णय लिया गया है। जिले के जिन मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है उन मतदान केन्द्रों को यथावत् रखा जाये। साथ ही इन मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन के दौरान एक अतिरिक्त मतदान अधिकारी की नियुक्ति किया जाकर मतदान की प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न कराई जाए।

जिला प्रबंधक ने लिया भिण्ड

ग्रामीण केंद्र में लोक सेवाओं के प्रदाय का जायजा

पंकज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड कलेक्टर भिण्ड डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में जिला प्रबंधक लोक सेवा भानु प्रजापति ने लोक सेवा केन्द्र भिण्ड ग्रामीण का निरीक्षण किया।

लोक सेवा केंद्र में लोक सेवा गारंटी अधिनियम अन्तर्गत अधिसूचित सेवाओं के क्रियान्वयन , समाधान एक दिवस के आवदेन एवं प्राधिकृत अधिकारी द्वारा तत्काल निराकरण, आयुष्मान भारत लाभार्थी कार्ड की रिपोर्ट , आधार पंजीयन केन्द्र हेतु केन्द्र के को-ऑर्डिनेट्स रिपोर्ट, एवं सीएससी एवं एमपी ऑनलाइन आदि सेवाओं की विस्तृत जांच की। केन्द्र में उपस्थित स्टॉफ की उपस्थिति पंजी की जॉच की एवं सभी ऑपरेटर को प्रॉपर ड्रेस में रहने, एवं केन्द्र इंचार्ज को बिना आईडी कार्ड किसी को भी प्रवेश न करने के निर्देश दिए। लोक सेवा केन्द्र पर विभाग द्वारा शासन योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु प्रदाय एलईडी बंद रखने पर अप्रशंता व्यक्त की एवं तत्काल पेन ड्राइव या अन्य माध्यम से विभाग की योजनाओं के वीडियो, ऑडियो विजुअल आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

लोक सेवा केन्द्र ऑपरेटर द्वारा सिर्फ 81 आयुष्मान पंजीयन करने पर चेतावानी जारी करते हुऐ शासन की योजना अनुसार समस्त पात्र हितग्राहियों के तत्काल पंजीयन कर आयुष्मान सेवा का लाभ देने के निर्देश दिए, एवं स्पष्ट किया की विभाग के आदेश अनुसार अब आयुष्मान भारत के कार्ड केन्द्र पर बिना

किसी शुल्क के बनेंगे एवं जिन आवेदकों से शुल्क लिया गया है उनको तत्काल दूरभाष पर कॉल कर 24 घंटे में वापस करने के निर्देश दिए। शस्त्र लायसेंस जिनका नवीनिकरण हो गया है में एक स्पेशल काउंटर लगवा कर एवं आवेदकों को दूरभाष पर अवगत करवाकर वितरण एक सप्ताह में करने के निर्देश दिए। लोक सेवा केन्द्र परिसर को साफ रखने एवं अनावश्यक किसी को केन्द्र में प्रवेश न देने के निर्देश दिए यदि केन्द्र पर ऑपरेटर बिना आईडी और ड्रेस कोड आते हैं तो उनको केन्द्र पर प्रवेश न दिए जाने हेतु तहसीलदार एवं सचिव लोक सेवा केन्द्र निगरानी समिति को अवगत करवाया एवं तहसीलदार को नकल शाखा में नकल के आवदेन के डी ओ में आ रही परेशानी एवं शाखा द्वारा आवेदकों को डायरेक्ट नकल देने से हो रही राजस्व की हानि के बारे में अवगत करवाया एवं आवश्यक कार्यवाही करने हेतु कहा। एवं प्राधिकृत अधिकारी के अनुपस्थित रहने की भी रिपोर्ट दी। एवं केन्द्र को आधार पंजीयन केन्द्र के रुप में स्थापित करने के लिए फिजिकल को ऑर्डिनेटिस की रिपोर्ट लेकर शासन को भेजी। कलेक्टर भिण्ड के निर्देशन में लोक सेवा केन्द्रों को आदर्श सेवा केन्द्र के रुप में विकसित किया जा रहा है जहां एक ही स्थान पर लोक सेवा गारंटी के अतिरिक्त समाधान एक दिवस, आयुष्मान भारत लाभार्थी कार्ड, आधार पंजीयन सेवा सीएससी एवं एमपी ऑनलाइन तथा भू-अभिलेख की सेवाएं एक ही जगह से प्रदान की जाएंगी जिससे आवेदकों को सहूलियत होगी एवं केन्द्र को भुगतान होने वाले वीजीएफ़ राशि में कमी आएगी।

बीजेपी नेताओं के आतिथ्य वाले कार्यक्रम में अश्लील डांस, लोगों ने जमकर लुटाए पैसे

गौरव शर्मा दैनिक पुष्पांजलि टुडे (मुरैना)। भाजपा के जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक के आतिथ्य मेआयोजित एक निजी कार्यक्रम में अश्लील डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि स्टेज पर डांस कर रही युवती के पीछे वाले बैनर पर भाजपा नेताओं के बड़े-बड़े फोटो लगे हुए है यह प्रोग्राम शहर स्थित जगदम्बा पैलेस में भाजपा कार्यकर्ता महेश राठौर द्वारा लकी ड्रॉ कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था।

खबर है कि इस आयोजन में भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता और मुरैना के पूर्व विधायक रघुराज कंसाना को उनकी सहमति से ही अतिथि बनाया गया। दोनों नेताओं के फोटो भी बैनरों पर छापे गए। इस कार्यक्रम में आयोजक ने लोगों के मनोरंजन के लिए डांस करने वाली युवतियों को भी बुलाया, और फिर जो हुआ वो सामने आ चुका है। डांसर्स ने स्टेज पर अमर्यादित पहनावे में डांस किया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद कुछ

लोगों ने स्टेज पर चढ़कर डांसर्स पर रुपये भी लुटाए। बताया गया है कि भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता ऐन वक्त पर किसी व्यस्तता के चलते कार्यक्रम में नहीं पहुंच सके थे, लेकिन पूर्व विधायक रघुराज कंसाना कार्यक्रम में शरीक हुए थे। आयोजन में अश्लील डांस की बात को छिपाकर रखा गया था, लेकिन वहां मौजूद कुछ लोगों ने डांस के वीडियो बना लिया जिसे अब सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता महेश राठौर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्टेज पर जिलाध्यक्ष और पूर्वविधायक के फोटो वाले बैनर के सामने अश्लील डांस को लेकर संबंधित नेताओं की खामोशी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि यदि अमर्यादित डांस आइटम पर उनकी सहमति शामिल नहीं थी तो उन्होंने आयोजक से इस मामले में जवाब-तलब क्यों नहीं किया। कार्यक्रम का आयोजन करने वालों से यह तो पूछा जाना चाहिए था कि जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक को अतिथि के तौर पर आमंत्रित करके उन्होंने इस तरह की हरकत क्यों की।

कार में केबिन बना कर छुपाया गांजा, 60 किलो गांजे के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

गौरव शर्मा दैनिक पुष्पांजलि टुडे

मुरैना। 60 किलो गांजा जप्त किया है। पुलिस ने कार में सवार तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। गाँजा तस्करों को पकड़ने के लिए ललितपुर, झांसी और ग्वालियर एसटीएफ़ ने भी उनका पीछा किया लेकिन वे उनके हाथ नहीं लग सके। सूचना मिलने पर मुरैना टोल टैक्स पर साइबर टीम व यातायात पुलिस ने कार को पकड़कर सिविल लाइन थाने में पुलिस को सुपुर्द कर दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने कार सहित गाँजा जप्त कर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कार क्रमांक डीएल8 सी टी 4294 को पुलिस ने छोदा टोल टैक्स पर घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर कार के साइड गेट की बॉडी और पीछे अलग से लोहे के केबिन बनाकर उसमे गाँजा रखा मिला था। पुलिस ने कार में सवार आरोपी महेश, सलमान, प्रवीण निवासी हैदराबाद आंध्र प्रदेश को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे तीनों गांजा लेकर हैदराबाद से दिल्ली ले जा रहे थे आरोपी लंबे समय से गांजे की तस्करी कर रहे हैं। पहचान गुप्त रखने के लिए हर बार गाड़ी बदल बदल कर लाते हैं। पुलिस को कार की साधारण तलाशी के दौरान कुछ नहीं मिला लेकिन सूचना पिन प्वाइंट थी। इसलिए पुलिसकर्मियों ने पूरी गाड़ी का एक-एक पुर्जा खोल डाला तो उसके अंदर बहुत ही सार्थक ढंग से छुपा कर रखा गया 60 किलो गांजा जप्त किया। पुलिस आरोपियों से और भी पूछताछ कर रही है।

जल समस्या को लेकर भाजपा नेताओं ने की जिलाधीश से मुलाकात बांध खाली कराने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाए

मोहन मांझी पुष्पांजली टुडे

गोहद। पिछले 1 माह से जल संकट से जूझ रही गोहद की जनता की समस्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी गोहद का प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधीश सतीश कुमार से मुलाकात कर नगर में व्याप्त प्रमुख समस्याओ को लेकर एक पत्र सोपा जिसमे कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार बेसली बांध में जल का स्तर 508 फ़ीट रहना चाहिए फिर बांध को पूर्णतः सूखा दिया गया ओर नगर की 1 लाख जनता के सामने जल सकंट उत्तपन हो गया चूंकि बांध जल संसाधन विभाग के अधीन आता है बेसली बांध का पानी व्यर्थ बहाकर जनता को सकंट में डालने वाले अधिकारी कर्मचारी की जांच कर उन पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। गोहद अनुभाग, जल संसाधन विभाग , नगर पालिका में पदस्थ समस्त अधिकारी व कर्मचारियों का मुख्यालय पर रुकना सुनिचित करे अप डाउन करनें वाले अधिकारीयो व कर्मचारियों पर भी दण्डात्मक कार्यवाही की जावे, गोहद में भीषण जल समस्या को देखते हुए बेसली बांध का सीमांकन कर उसको गहरीकरण किया जाकर बेसली बांध तक पानी जल्द पहुचाया जाए। शासकीय अस्पताल के समीप पदस्थ सब्ज़ी मंडी की जगह को शासकीय अस्पताल के नाम हस्तांतरित की जाए जिससे कि अस्पताल के विस्तार की प्रक्रिया शुरू की जाए। पत्र में वर्णित समस्याओ का जिलाधीश ने शीघ्र निराकरण करने का आश्वाशन दिया। मुलाकात करने वालो में विवेक जैन अध्यक्ष, आशीष शर्मा महामंत्री, प्रमोद कामत उपाध्यक्ष, प्रदीप भरद्वाज युवामोर्चा अध्यक्ष व विक्रम यादव रहे।

आम निर्वाचन 2021 की तैयारियों के संबंध में प्रशिक्षण 23 मार्च को

दैनिक पुष्पांजली टुडे पंकज त्रिपाठी

भिण्ड। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन ने बताया कि स्थानीय निकायों के आम निर्वाचन 2021 की तैयारियों को लेकर निर्वाचन की घोषणा से नाम निर्देशन प्रस्तुत, समीक्षा, प्रतीक आवंटन एवं आदर्श आचरण संहिता विषयों पर प्रशिक्षण का आयोजन 23 मार्च 2021 को दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में जिले के समस्त ब्लॉक स्तरीय एवं नगर निकाय के मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

उपजेल मेहगांव मे विधिक सहायता शिविर का आयोजन

ब्रजपाल गुर्जर रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे

मेहगांव। आज दिनाँक 18,3,2021 को उप जेल मेहगाव में लोक अदालत एवं विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे बंदियों को विधिक जानकारी दी गई, विधिक शिविर का आयोजन अपर जिला एवं सत्र नयायधीश मेहगाव अशोक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। अपने उद्बोधन मे उन्होंने कहा कि आपसी सहमति से लोक अदालत में अपने मामलों को निपटाएं, राजीनामा में कोई नहीं हारता है दोनों पक्ष अपने को जीता हुआ महसूस कर सकते हैं,शीघ्र और सस्ता न्याय पाने के लिए लोक अदालत सबसे अच्छा माध्यम है,जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों के मानव अधिकारों का हनन नहीं होंने दिया जावेगा, आप सभी सदाचार अपनाएं, और अच्छे नागरिक बने।मजिस्ट्रेट मुकेश कोरी ने भी अपने उद्बोधन में कानून का पालन करने की सलाह दी, अधिवक्ता सुरेश चंद्र शर्मा ने कहा कि जान, माल, और सम्मान की क्षति किसीको न पहुंचाएं, हर नागरिक की जान , माल और सम्मान की रक्षार्थ ही कानून बना है, अधिवक्ता रामनिवास सिंह भदोरिया ने कहा कि तथ्य की भूल क्षम्य हो सकती है, लेकिन विधि की भूल क्षम्य नहीं हो सकती है, विधि का पालन अनिवार्य है। आभार जेलर रामगोपाल पाल ने व्यक्त किया। शिविर में समस्त बंदी, जेल स्टाफ व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने धरना स्थल पर पहुंचकर कराया जल सत्याग्रह का धरना समाप्त

मोहन मांझी पुष्पांजली टुडे

गोहद- नगर में फैले भीषण संकट जल संकट को देखते हुए विगत 6 दिन से कांग्रेस नेता पूर्व लोकसभा

प्रत्याशी देवासीस जरा रिया द्वारा जल सत्याग्रह के दौरान डैम के अंदर धरने पर बैठे थे जिसमें पूर्व में अटेर के पूर्व विधायक हेमंत कटारे पूर्व जनपद अध्यक्ष संजू जाटव इफको डायरेक्टर अमित प्रताप सिंह राहुल भदोरिया अनिरुद्ध प्रताप सिंह क्षेत्रीय विधायक मेवाराम जाटव सहित स्थानीय नेता एवं कार्यकर्ता सत्याग्रह पर बैठे हुए आंदोलनकारियों के मनोबल बढ़ा रहे थे वही मेवाराम जाटव विधानसभा में भी धरनेपर बैठ कर विरोध जता रहे थे यह बात प्रदेश तक पहुंची पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने संज्ञान लेते हुए दिल्ली से ग्वालियर पहुंचकर पूर्व मंत्री एवं लहार विधायक डॉक्टर गोविंद सिंह क्षेत्रीय विधायक मेवाराम जाटव के साथ बैसली डैम में धरना स्थल पर पहुंचे जहां एसडीएम शुभम शर्मा सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया को बुलाया और बांध के अंदर जमीन सिल्क को हटाने के लिए जेसीबी मशीनें लगाकर खुदाई कराए जाने टैंकरों पर हो रही कालाबाजारी को खत्म करने के लिए निर्देशित किया साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि किसानों को ईट भट्टे वालों को इत्यादि जिन जिन लोगों को मिट्टी की जरूरत हो उन्हें डैम से मिट्टी उठाने दें डैम की सफाई स्वत ही अपने आप हो जाएगी उन्होंने कहा यदि । दिन के अंदर डैम के अंदर पानी नहीं आता है व्यवस्था दुरुस्त नहीं होती है तो फिर से आंदोलन किया जाएगा पूर्व मंत्री एवं लहार विधायक डॉ गोविंद सिंह ने कहा के उपचुनाव में एक वोट से दो विधायक मिलने के लिए कहा गया था लेकिन आज देखने में आ रहा है 1 वोट से दो विधायक मिले ही साथ में राज्यसभा सांसद भी मिले तीनों ही लोग गोहद के विकास के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा देंगे उन्होंने मंच से मेवाराम जाटव को चेताते हुए कहा कि मेरे पास शिकायतें आती हैं कि मेवाराम फोन नहीं उठाते इसलिए मैं कह रहा हूं कि फोन किसी का भी आए काम हो या ना हो अधिकारियों से आप बात कीजिए लेकिन फोन पर बात अवश्य कीजिए अगर आप फोन नहीं उठाएंगे तो जनता आपको रोड पर खड़ा कर देगी वही मंच को चेताते हुए भी उन्होंने कहा कि देवाशीष ने जो सत्याग्रह किया उसके लिए हम उनको धन्यवाद देते हैं लेकिन सभी को सलाह भी देते हैं कि कोई भी काम करो जो संगठन से मिलकर करो उसमें निश्चित ही सफलता मिलेगी संगठन सभी एक साथ हैं।

ब्रेकिंग दतिया इस वक्त की ताजा खबर घर से भागी नाबालिग बालिका को बड़ौनी पुलिस ने किया परिजनों के सुपुर्द

उप संपादक संदीप प्रधान की रिपोर्ट

उप राय निवासी एक बालिका अपने परिजनों से नाराज होकर घर से भागकर बड़ौनी तिराहे पर घूम रही थी तभी डायल हंड्रेड में तैनात आर धर्मेंद्र रावत व पायलेट अक्षय तथा थाना प्रभारी बड़ौनी रविंद्र शर्मा की सूझबूझ से बालिका से नाम पता पूछा नाम पता पूछ कर उसके परिजनों को थाने पर बुलाकर दोनों पक्षों को समझाइश देकर नाबालिग लड़की को उसके परिजन भाई आशीष अहिरवार मां सविता अहिरवार निवासी उपरांय के सुपुर्द किया । दतिया पुलिस कि सूझ बूझ से नाबालिक पुनः अपने परिवार के सुरक्षा कवच में पहुच गयी परिजनों ने दिया पुलिस को धन्यबाद ।

डाक विभाग द्वारा 15 वर्ष तक की आयु के छात्र छात्राओं के लिए पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

ब्युरो चिफ पुष्पांजलि टुडे
रितेश कटारे

बालाघाट। भारतीय डाक विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर, भोपाल संभाग, जबलपुर संभाग, इंदौर शहर संभाग एव ग्वालियर संभाग के माध्यम से दिनांक 4 अप्रेल, 2021(रविवार) को प्रातः 10 से 11 बजे तक 15 वर्ष की आयु तक के छात्र-छात्राओं के लिए 2021-अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का विषय अधीक्षक डाकघर, बालाघाट संभाग ने बताया कि इस पत्र लेखन प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र भोपाल, जबलपुर, इंदौर शहर एवं ग्वालियर संभाग के प्रवर अधीक्षक डाकघर को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22 मार्च 2021 है। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र छात्राएं अंग्रेजी अथवा हिन्दी भाषा में पत्र लेखन कर सकते है। इस प्रतियोगिता में परिमण्डल स्तर पर प्रथम तीन विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 25 हजार रुपये, 10 हजार रुपये एवं 05 हजार रुपये तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 50 हजार रुपये, 25 हजार रुपये एवं 10 हजार रुपये तथा एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन विजेता प्रविष्टियों को चयनित करेगा तथा सर्वोत्तम 03 प्रविष्टियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक तथा प्रमाण पत्र प्रदाय किया जायेगा। साथ ही वैश्विक डाक संघ द्वारा चयनित प्रतिभागियों को अन्य पुरस्कार भी प्रदाय किए जायेंगे। स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को वैश्विक डाक संघ के मुख्यालय बर्न, स्विट्जरलैंड की यात्रा करने का प्रस्ताव या एक वैकल्पिक पुरस्कार यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के विवेकाधिकार पर निश्चित किया जावेगा। सभी छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया गया है कि वे इस पत्र लेखन प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए अपना आवेदन पत्र संबंधित विद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से दिनांक 22 मार्च 2021 तक प्रवर अधीक्षक डाकघर, भोपाल संभाग/इंदौर शहर संभाग/जबलपुर संभाग/ ग्वालियर संभाग को भेज सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी भारतीय डाक विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

दलित महिलाओं के साथ मारपीट लहचुरा थाने में नहीं हुई कोई कार्यवाही

मऊरानीपुर-जानकारी के अनुसार मऊरानीपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम बरुआ माफ में दलित महिलाओं के साथ जोरदार मारपीट की गई महिलाएं अपने खेत पर गुम्मा बनाने का काम कर रही थी उसी वक्त गांव के ही दबंग रामपाल कुशवाहा व खेमू कुशवाहा ने अकारण किरण देवी व उसकी सास जो अपने खेत पर गुम्मा बनाने का कार्य कर रही थी उसी समय इन दबंगों ने महिलाओं के साथ जातिसूचक शब्दों से गालियां देते हुए जानलेवा हमला किया महिला जब शिकायत करने लहचुरा थाने पहुंची तब थाने में उसकी शिकायत दर्ज नहीं हुई एवं उसको वहां से जाने के लिए कहा गया महिला व उसकी सास न्याय के लिए भटक रही है उच्च अधिकारियों ने अभी तक इस मामले को संज्ञान में नहीं लिया आगे देखने की बात है। इस मामले पर प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।

चौपाल में ग्रामीण को केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां बताते हुए भाजपाई

जगदीश मऊरानीपुर पुष्पांजली टुडे

बंगरा(मऊरानीपुर)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा ग्राम सनोरा, रजपुरा, उल्लन, विजयगढ़ आदि ग्रामों में ग्राम चौपाल का आयोजन जिलामंत्री हरचरण चौकरया के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया।

चौपाल में रामकिशोर आर्य, बूथ प्रभारी भूपेंद्र राय, रविकांत आर्य, राकेश बाजपेई, फूलसिंह परिहार, अरविंद पाल, दौलत पाल, मनोज पाल, रामस्वरूप, अशोक तिवारी, राधाचरण तिवारी, राजेंद्र अरजरिया, मुन्नालाल नाई, दिलीप सेन, विनोद सुमन, धनपाल, मुकुंदीलाल, सुरेश पाल, देशराज पाल, मनीष सोनी पं शंकरलाल तिवारी, सत्यप्रकाश राजपाली, रामअवतार पाल आदि लोगों ने विचार व्यक्त किए! जिसमें ग्रामीणों को केन्द्र व राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिसमें कृषि कर्जमाफी योजना, मुदा योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, शौचालय मिशनशक्ति, आयुष्यमान योजना, प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना आदि योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए आगामी त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जिताकर पहुंचाने की बात कही। चौपाल का संचालन व आभार वार्ड संयोजक सुमन घोष ने किया!

सरकारी मिडिल विघालय में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

रियासी पुष्पांजली टुडे
रघुबीर ठाकुर

जम्मू कश्मीर के जिला रियासी के कोड़ी क्षेत्र मैं लगाया 126 बटालियन ने चिकित्सा शिविर आज दिनांक 18/03/2021 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 126 बटालियन की (सी/126 बटालियन) के द्वारा सिविक एक्सन प्रोग्राम 2020-21 के अन्तर्गत कौड़ी, जिला-रियासी, जम्मू व कश्मीर में स्थित सरकारी मिडिल विघालय में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय ग्रामवासियों को मुफ्त में दवाईयाँ व कोविड-19 किट वितरण की गई, इसके अतिरिक्त मुफ्त में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया जैसी बीमारियों की स्क्रीनिंग भी की गई। उक्त चिकित्सा शिविर का आयोजन श्री प्रदीप सिंह, कमाण्डेन्ट 126 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के मार्गदर्शन में श्री आशीश यादव, द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ0 गौरव, चिकित्सा अधिकारी निरी./जीडी आर.डी. प्रसाद के साथ सी/126 समवाय के कार्मिक एवं वाहिनी के जवानों द्वारा सुनियोजित तरीके से सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया गया।

श्री एस0एम0 विश्वामूर्ति, प्रोजेक्ट मैनेजर, एफकोनस, मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुऐ व इनके अतिरिक्त श्री अविनाश, श्री मनोज, श्री योगेश वर्मा, सीनियर सेक्शन इंजीनियर, उ0रेल्वे एवं पी0एच0सी अरनास अस्पताल के डॉ. कुमुद कौल, चिकित्सा अधिकारी के साथ उनकी टीम ने ग्रामीणों की जाँच की। श्री जुगल किशोर, पंच ग्राम-कौड़ी व श्री जशवंत सिंह, हैड़ मास्टर सरकारी मिडिल विघालय, कौड़ी ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं उनके सहयोग से कौड़ी तथा उसके आस-पास के ग्रामवासियों को चिकित्सा लाभ मिला । श्री प्रदीप सिंह, कमाण्डेन्ट -126 बटालियन द्वारा ग्रामवासियों को बताया गया कि निकट भविष्य में भी इस प्रकार के अन्य मेडिकल कैम्प एवं ग्रामों के ग्रामवासियों को लाभान्वित करने संबंधित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता रहेगा। 126 बटालियन द्वारा आयोजित किए गए इस निःशुल्क चिकित्सा कैम्प को सफलतापूर्वक सम्पन्न किए जाने पर ग्रामवासियों एवं जिला प्रशासन द्वारा 126 बटालियन की सराहना की गई ।

भामाशाह भंवरलाल पंवार ने अहसहाय परिवारों के लिए 21 हजार रूपये का दिया आर्थिक सहयोग

पुष्पांजली टुडे

चैन्नई। साऊकारपेट सरल सौम्य व्यवहार, शांत स्वभाव दृढ़ आत्मविश्वासी, सेवा के प्रति सतत जागरूक समाज के कर्मठ कार्यकर्ता भंवरलाल सुपुत्र स्वः यराम पंवार मारवाड़ में गांव - बाळा सत्ती वर्तमान में माया चाट साऊकारपेट चेन्नई आपने अपने परिश्रम से अर्जित धन में से कुछ हिस्सा अपने सीरवी समाज के निर्धन असहाय अतिजरुरतमंद लोगों की सहायतार्थ सहयोग कर अपनी कृतज्ञता निभाने के लिए धन्यवाद। आपने श्री आईजी सेवा समिति को सहर्ष अपनी स्वेच्छा से 21000 /-रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया,, इसके लिए श्री आईजी सेवा समिति परिवार आपका स्वागत करता है,, वंदन करता है अभिनंदन करता है।हम गर्वित हैं जब अपनी समाज के भामाशाह बड़े ही उदार मन से समाजहित में अपना सर्वोत्तम योगदान करते है।परमार्थ की ऐसी ही विराट सोच समाज को नव प्रगति की ओर अग्रसर करेगी।

एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत् गन्ना अनुसंधान केन्द्र लखनऊ के वैज्ञानिकों ने कृषकों से की चर्चा

दतिया । एक जिला उत्पाद योजना के तहत् दतिया जिले को गुड़ उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश एवं देश में पहचान दिलाने हेतु जिले के कृषक उन्नत किस्म का गन्ना पैदा कर अच्छी गुणवत्ता का गुड़ उत्पादन कर सके। इसके लिए भारतीय गन्ना अनुसंधान केन्द्र लखनऊ के कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएन सिंह, डॉ. एमआर सिंह, डॉ. एसआई अनवर ने ग्राम भरसूला में सैंकड़ों गन्ना पैदा करने वाले कृषकों एवं गुड़ उत्पादन करने वालों से चर्चा कर गुड़ उत्पादन की आधुनिक एवं उन्नत तकनीकी एवं जैविक गुड़ बनाने के संबंध में जानकारी दी गई। वैज्ञानिक ने जैविक विधि से गन्ना की पैदावर लेने के लिए किसान भाई मई, जून माह में (ढेंचा हरी खाद) की बोनी कर खेत में 45 दिन बाद पलटने से जैविक खाद तैयार हो जाती है। जिसकी लागत रासायनिक खाद से कम होती है।

ब्रेकिंग दतिया इस वक्त की बड़ी खबर अवैध कट्टा एवं 2 जिंदा कारतूस सहित 02 आरोपी को बडोनी पुलिस ने किया गिरफ्तार आखिरकार ठहरी ना

दतिया पुलिस किसी को बख्शने वाली नहीं, अपराधी रहे सावधान

उप संपादक संदीप प्रधान की रिपोर्ट

दतिया। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं एसडीओपी बड़ोंनी उपेंद्र दीक्षित के मार्गदर्शन में थाना बड़ौनी पुलिस द्वारा अपने मजबूत मुखबिर तंत्र से लक्ष्मण जी की टोरिया गुप्तेश्वर पहाड़ी से दो लड़कों को आज दिनांक को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से एक अधिया बंदूक तथा एक देसी कट्टा 315 बोर का व दो जिंदा कारतूस बरामद किए नाम पता पूछने पर उन लड़कों ने अपना नाम आदर्श पुत्र विनय कुमार यादव, दीपक पुत्र स्वरूप यादव दोनों निवासी गण बड़ौनी बताया आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर थाना बड़ौनी में आरोपियों के विरुद्ध 25(1)आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर दोनों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। ईनकी रही मुख्य भूमिका थाना प्रभारी बडोनी रविन्द्र शर्मा, सउनि मान सिंह, सउनि महेश श्रीवास्तव, प्रधान आर महेश शर्मा, आर पुष्पेंद्र, दिलीप, रविन्द्र, शिवराम, महेंद्र, अंकित, धर्मेंद्र।

सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत, 20 से ज्यादा घायल

पुष्पांजली टुडे

मंडला/ जबलपुर। मंडला-निवास रोड पर एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब एक लोडिंग 40 बारात लेकर लौट रही थी। तेज रफ्तार से भाग रही 40। पोल से टकराकर पलट गई जिसमें सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। नारायणगंज पुलिस ने बताया कि देवगंवरी निवास से एमपी 51 जी 0616 लोडिंग 40। से एक बारात चंदरेहा बुधवार को गई थी। सुबह बारात लेकर लौट रही 40। पोटला गांव के समीप एक पोल से टकराकर पलट गई। 40। के पलटने से हाहाकार मच गया, हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए।घायलों को इलाज में लगी देरी बताया जा रहा है कि हादसे में घायलों को जब नारायणगंज के शासकीय अस्पताल ले जाया गया तो वहां घायलों को उचित इलाज नहीं मिला। यहां तक कि डॉक्टर भी मौके पर नहीं पहुंचे इसकी वजह से घायलों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिले के 5500 आवासों का किया वर्चुअल लोकार्पण

रितेश कटरे ब्युरो चिफ पुष्पांजली टुडे

बालाघाट। ग्रामोदय अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का गृह प्रवेश एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसर, शांतिधाम तथ पंचायत भवनों के वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन आज 18 मार्च 2021 को दोपहर 12 बजे केन्द्रीय कृषि कल्याण मंत्री श्री नरेंद्रसिंह तोमर एवम मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। धार जिले में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान शमिल हुए और उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के हितग्राहियों को संबोधित किया। ग्रामोदय अभियान के अंतर्गत ग्रहप्रवेश कार्यक्रम के तहत एनआईसी बालाघाट में आयोजित वर्चुअल कर्यक्रम में जिला पंचायत प्रधान श्रीमती रेखा बिसेन, जिला पंचायत सदस्य झमसिंग नागेश्वर, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती आर उमा माहेश्वरी, जिला पंचायत की परियोजना अधिकारी श्रीमती नैत्रा ऊके, विकास खंड समन्वयक के के जी पटले, कन्हैया शरणागत एवं किरनापुर, बालाघाट, वारासिवनी, लालबर्रा के कुल 25 हितग्राही कार्यक्रम में उपस्थित रहे। आज के इस कार्यक्रम के माध्यम से बालाघाट जिले के कुल 5500 आवासो का वर्चुअल लोकार्पण किया गया।

बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर अपराजिता का आयोजन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत

पंकज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नंबर एक भिण्ड में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में सैकड़ों बालिका भाग लेकर आत्मरक्षा से सम्बंधित गुर सीख रही हैं। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में खेल और युवा कल्याण विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला खेल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव सिंह कंचन, कार्यालय प्रमुख जीवन सिंह जादौन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल गफ्फार के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजनान्तर्गत 15 दिवसीय बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण अपराजिता कार्यक्रम के तहत जूडो कराते एवं ताइकांडो विधा का प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नंबर 1 भिण्ड में आयोजित किया जा रहा है। विकासखंड स्तर पर भी बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजनान्तर्गत अपराजिता आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शासकीय हाई स्कूल परा ब्लॉक अटेर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहार, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहद, शासकीय गाँधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मछंड (रौन) एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहगांव में किया जा रहा है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद गोहद, जिला भिण्ड (म.प्र.)

क्रमांक/1054/ गोहद, दिनांक 18.03.2021

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गोहद द्वारा विभिन्न ठेकों की नीलामी वर्ष 2021-22 की अवधि हेतु कार्यालय प्रांगण में नीचे लिखे अनुसार दिनांकों को टेण्डर प्रक्रिया के माध्यम से की जाना है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित अमानत राशि व टेण्डर फीस विगत दिनांक को दोपहर 2.00 बजे तक आवेदन के साथ निकाय द्वारा विज्ञप्ति में उल्लेखित माध्यम से जमा कराकर टेण्डर डाल सकते हैं। ठेकों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	बसूली ठेका का नाम	टेण्डर नीलामी दिनांक	समय	शासकीय दर	अमानत राशि	टेण्डर फीस	अमानत का माध्यम	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	पशु पंजीयन बसूली ठेका	25.03.2021	दोपहर 2 बजे से	60000	10000	2000	नगद	
2	हड्डी, चमड़ा ठेका	25.03.2021	दोपहर 2 बजे से	25000	5000	1000	नगद	
3	पशु बध ठेका	25.03.2021	दोपहर 2 बजे से	11000	2000	1000	नगद	

नोटः- (मुख्य शर्तें)

1. नगर पालिका परिषद गोहद का कोई भी बकायावार टेण्डर डालने का हकदार नहीं होगा।
2. उच्चतम बोली स्वीकृत होने के तत्काल बाद ठेकेदार को 1/4 राशि नगद जमा कराना आवश्यक होगा।
3. साथ ही शेष 3/4 राशि ठेका का कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व जमा कराना अनिवार्य होगा।
4. नियमामुसार ठेकेदार को शासन के करों का भुगतान करना आवश्यक होगा।
5. शेष शर्तें कार्यालयीन समय में राजस्व शाखा से देखी जा सकती है।

(शुभम शर्मा)
प्रशासक
नगर पालिका परिषद गोहद

(रामप्रकाश जगनेरिया)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गोहद

सम्पादकीय

सजगता का समय

जब कोरोना का खतरा फिर बढ़ चला है, तब प्रधानमंत्री के स्तर पर चिंता स्वाभाविक ही नहीं, आवश्यक भी है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्रियों की बैठक सदा सकारात्मक होती है और इससे देश के कोरोना योद्धाओं का मनोबल मजबूती पाता है। प्रधानमंत्री ने सही कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है, बस हमें 'कड़ाई भी और दवाई भी' की नीति पर काम करना है। उनका यह कहना भी बहुत मायने रखता है कि कोरोना से लड़ाई में हमें कुछ आत्मविश्वास मिला है, लेकिन यह अति आत्मविश्वास में नहीं बदलना चाहिए। दरअसल, यही हुआ है, जिसकी ओर प्रधानमंत्री और अनेक विशेषज्ञ इशारा कर रहे हैं। लोगों की थोड़ी सी लापरवाही खतरे को बढ़ाती चली जा रही है। पिछले महीने ही 9-10 फरवरी को ऐसा लगने लगा था कि अब कोरोना जाने वाला है, नए मामलों की संख्या 11,000 के पास पहुंचने लगी थी, लेकिन अब नए मामलों की संख्या 29,000 के करीब है। यह सही है, 9-10 सितंबर 2020 के आसपास हमने कोरोना का चरम देखा था, जब मामले रोज 97,000 के पार पहुंचने लगे थे। इसमें दुखद तथ्य यह है कि तब भी महाराष्ट्र सबसे आगे था और आज भी 60 प्रतिशत से ज्यादा मामले अकेले इसी राज्य से आ रहे हैं। लॉकडाउन तो तात्कालिक आपात उपाय है, महाराष्ट्र के लोगों को लंबे समय तक के लिए अपनी आदतों में परिवर्तन लाना पड़ेगा। देश के लिए यह सोचने और स्थाई सुधार का समय है, ताकि पिछले साल की तरह कोरोना संक्रमण वापसी न कर सके। आंखें खोलकर आंकड़ों को देखना होगा। पिछले सप्ताह से तुलना करें, तो इस सप्ताह कोरोना मामलों में 40 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हुई है, जबकि मरने वालों की संख्या में 35 प्रतिशत से ज्यादा का इजाफा। संक्रमण भी बढ़ा है और मौत का खतरा भी, तो फिर हम क्यों कोरोना दिशा-निर्देशों की पालना में लापरवाही बरत रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों के सामने सही सवाल रखा है, 'यह चिंता की बात है कि आखिर कुछ इलाकों में जांच कम क्यों हो रही है? कुछ इलाकों में टीकाकरण कम क्यों हो गया है? मेरे ख्याल से यह समय गुड गवर्नेंस को परखने का है।' अब अपने-अपने स्तर पर मुख्यमंत्रियों को ज्यादा सचेत होकर लोगों को सुरक्षित करना होगा। कोरोना से लड़ाई में किसी कमी के लिए केवल केंद्र सरकार के फैसलों को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। जिन राज्यों ने अच्छा काम किया है, उन्हें अपने काम को अभी विराम नहीं देना चाहिए और जिन राज्यों में प्रशासन लापरवाह हुआ है, उनकी नींद टूटनी चाहिए। अभी लापरवाही किसी अपराध से कम नहीं है। यह सूचना तो और त्रासद है कि तेलंगाना, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में 10 फीसदी से ज्यादा वैक्सीन बर्बाद हो रही है। कौन लोग इसके लिए जिम्मेदार हैं, यह तय करते हुए कमियों को दूर करना होगा। यह अफसोस की बात है कि मुख्यमंत्रियों को रोज शाम दवा की निगरानी के लिए कहना पड़ रहा है। एक बड़ी चिंता गांवों में कोरोना संक्रमण रोकने की है। तुलनात्मक रूप से गांव अभी सुरक्षित हैं, तो यह किसी राहत से कम नहीं। गांवों में यह स्थिति बनी रहे, वे ज्यादा सुरक्षित हों, चिकित्सा सेवा के मामले में संपन्न हों, तो देश को ही लाभ होगा। कोरोना की नई लहर के एक-एक वायरस को उसके वर्तमान ठिकानों पर ही खत्म करना होगा, ताकि व्यापक लॉकडाउन की जरूरत न पड़े।

शहरीकरण और रोजगार का संकट

अभिषेक कुमार सिंह

शहर बनाने और शहर बसाने का मकसद सिर्फ यह नहीं होना चाहिए कि ढांचागत सुविधाओं के आधार पर वह रहने की एक शानदार जगह है, बल्कि अब जरूरी हो गया है कि वहां लोगों को वाजिब कीमत पर आवास के साथ रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और मनोरंजन के सारे साधन भी मिले। यही वह कसौटी है जिस पर खास तौर से उत्तर भारतीय शहर पिछड़ते जा रहे हैं।रहन-सहन से जुड़े इस सूचकांक में साफ-सफाई और अन्य सहूलिययों के आधार पर देश के शहरों की श्रेणी निर्धारित की गई है। इसके दो अहम आधार रखे गए। एक वर्गीकरण में उन शहरों को शामिल किया गया, जिनकी आबादी दस लाख से ज्यादा है, जैसे दिल्ली, कानपुर, लुधियाना, बंगलुरु, पुणे और अमदाबाद आदि। जबकि दूसरे में दस लाख से कम आबादी वाले शहरों को रखा गया है।

शहरीकरण को विकास का प्रतीक माना जाता है। देश की आबादी का बड़ा हिस्सा शहरों, महानगरों में निवास करता है। यह भी दावा किया जाता है कि आबादी के परिप्रेक्ष्य अब जितने भी परिवर्तन होने हैं, उनका सीधा असर हमारे शहरों की दशा-दिशा पर पड़ेगा। लेकिन ये शहर कैसे हैं और इनकी भावी रूपरेखा क्या है, इसे लेकर अभी भी कोई स्पष्ट रूपरेखा नहीं बन पाई है। हालांकि इस बीच देश में स्मार्ट शहर जैसी परियोजनाओं का प्रचार जोरशोर से होता रहा है।

इस विरोधाभास पर हाल में एक नजर सुगमता के साथ रहन-सहन के उस सूचकांक (ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स) के जरिए डाली गई है, जिसे हाल में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने जारी किया है। इस सूचकांक से पता चला है कि रहन-सहन के लिहाज से ज्यादातर उत्तर भारतीय शहरों में लापरवाही का आलम पसरा हुआ है, हालांकि दक्षिण भारतीय शहरों ने इस मामले में एक उम्मीद अवश्य जगाई है। रहन-सहन से जुड़े इस सूचकांक में साफ-सफाई और अन्य सहूलिययों के आधार पर देश के शहरों की श्रेणी निर्धारित की गई है। इसके दो अहम आधार रखे गए। एक वर्गीकरण में उन शहरों को शामिल किया गया, जिनकी आबादी दस लाख से ज्यादा है, जैसे दिल्ली, कानपुर, लुधियाना, बंगलुरु, पुणे और अमदाबाद आदि। जबकि दूसरे में दस लाख से कम आबादी वाले शहरों को रखा गया है। स्वच्छता और सहूलियतों का पैमाना अपना कर यह तय करने की कोशिश की गई कि रहन-सहन के लिहाज से इन शहरों की गुणवत्ता किस कोटि की है। आकलन में पाया गया कि दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में बंगलुरु, पुणे और अमदाबाद देश के सबसे अच्छे शहरों में हैं। जबकि दस लाख से कम आबादी वाले शहरों में शिमला, भुवनेश्वर और सिलवासा को क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान मिला। इसमें एक रोचक आकलन भी सामने आया।

पता चला कि रहन-सहन के स्तर पर बड़े शहरों की सूची में बेंगलुरु शीर्ष पर भले ही हो, लेकिन गुणवत्ता के मामले में चेन्नई, कोयंबटूर और नवीं मुंबई ज्यादा अच्छे शहर हैं। यहां अहम सवाल यह है कि आखिर शहरों की गुणवत्ता किन पैमानों से आंकी जा सकती है। तो इसका जवाब यह मिला कि सस्ते आवास,

साफ पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाओं की उपलब्धता के अलावा सुरक्षा और मनोरंजन की सुविधाओं तक लोगों की आसान पहुंच से पता चलता है कि कोई शहर रहने लायक है या नहीं। इस तरह के पैमानों पर शहरों के आकलन से कुछ सवालों के जवाब अवश्य मिलते हैं, लेकिन कई अहम और खड़े हो जाते हैं, जिनकी अनदेखी करना मुश्किल है। जैसे यह पूछा जाना चाहिए कि आखिर साफ-सफाई और सहूलियत के मामले में हमारे उत्तर भारतीय शहर किस दुविधा में फंसे हुए हैं। शिमला को छोड़ कर कोई अन्य शहर इस लायक क्यों नहीं माना जा रहा है कि वहां एक आम इंसान अच्छा जीवन जी सकता है।

यह एक बड़ी विडंबना है कि हमारी राजनीति में जिस उत्तर भारत का वर्चस्व दिखाई देता है, वह अपने शहरों को दुरुस्त करने के मामले में दक्षिण भारतीय शहरों से मात खा जाती है। दक्षिण से उत्तर भारत के शहरों के पिछड़ जाने की अहम वजह यह है कि हमारी सरकार भले ही देश के सौ शहरों को स्मार्ट शहरों में तब्दील करने की ख्वाहिशमंद हो, लेकिन उत्तर भारत में अनियोजित ढंग से बसते शहरों की बसावट के उनके अंदाज में घोर बेतरतीबी बिखरी हुई है। इस समस्या का नतीजा यह निकल रहा है कि सरकारी की योजनाओं के बावजूद खुद-ब-खुद बनने और बिगड़ने वाले ऐसे ज्यादातर शहरों ने शहरीकरण की शक्ल ही बिगाड़ कर रख दी है। कहा जा रहा है कि 2028 तक हमारा देश दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी-घनत्व वाला मुल्क होगा। यानी अगले छह-सात वर्षों के भीतर इस मामले में हम चीन को पीछे छोड़ देंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि तब वहां जनसंख्या में गिरावट का दौर शुरू हो चुका होगा और भारत की आबादी तेजी से बढ़ रही होगी। यह आकलन संयुक्त राष्ट्र की वर्ष 2013 की जनसंख्या रिपोर्ट का है। आबादी की जरूरतों के मद्देनजर और विकसित देशों की देखादेखी हमारे देश में शहरीकरण को तो बढ़ावा दिया गया, लेकिन इस तब्दीली का हमारी सरकारों और योजनाकारों ने कोई संज्ञान नहीं लिया। नतीजा यह निकला कि आज देश के ज्यादातर शहर बेकाबू और अनियोजित फैलाव के शिकार हो गए हैं। इसकी तसदीक वर्ष 2018 में विश्व बैंक की एक अन्य रिपोर्ट ह्यअर्बनाइजेशन इन साउथ एशियाह्न में की गई थी। इसमें कहा गया था कि भारत में ज्यादातर शहरीकरण बहुत ही गुपचुप ढंग से और बेतरतीबी के साथ हो रहा है। शहरी नियोजन की सारी नीतियों- कवायदों को ताक पर रख कर और आंख मूंद कर होने वाला यह शहरीकरण देश को ऐसी दिशा में ले जा रहा है जिसमें ऐसे शहरों की ऐसी तस्वीर उभरती है जो कूड़े के ढेर से अटे दिखाई देते हैं और जहां की असंख्य इमारतें भूकंप के हल्के से झटके में ढहने को तैयार लगती हैं। शहरों की जिंदगी में सुधार की जरूरत का एक संकेत दो साल पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी की जाने वाली ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2019 में भी मिला था। इस सूचकांक में शहरों का आकलन पर्यावरण, संस्कृति, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा और ढांचागत सुविधाओं आदि पांच प्रमुख मानकों पर किया जाता है। दुनिया के एक सौ चालीस देशों के प्रमुख शहरों में से लोगों के निवास के उपयुक्त शहरों का आकलन करने वाला यह सूचकांक यानी इंडेक्स इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (ईआइयू) जारी करती है। उल्लेखनीय यह है कि 2019 में इस सूचकांक में भारत के चुनिंदा शहरों की स्थिति और बदतर ठहराया गया था। जैसे देश की राजधानी दिल्ली इस सूचकांक में 2018 के मुकाबले छह स्थान फिसल कर एक सौ अठाहरवें नंबर पर पहुंच गई थी। दिल्ली में वायु प्रदूषण के अलावा अपराधों में बढ़ोत्तरी को इसकी अहम वजह माना गया था। इसी तरह मुंबई दो पायदान नीचे गिर कर एक सौ उन्नीसवें स्थान पर आ गई थी और इसके लिए वहां पर्यावरण के अलावा सांस्कृतिक गिरावट को जिम्मेदार माना गया था। शहर कैसे भी क्यों न हों- उनकी जरूरत से अब इनकार नहीं किया जा सकता। गांव-कस्बों में रोजगार की कमी और बढ़ती आबादी के बरक्स खेत-खलिहानों का घटता आकार बीते कई दशकों से लोगों को शहरों की तरफ पलायन करने के लिए मजबूर कर रहा है। आमतौर पर यह पलायन रोकना मुमकिन नहीं है, क्योंकि अब रोजगार के साथ शहरीकरण देश के विकास की पहली जरूरत है। लेकिन कोरोना वायरस के कारण पैदा हुई स्थितियों में ये समीकरण उलट गए हैं। अब शहरों के लिए जरूरी हो गया है कि वे साफ-सफाई और मूलभूत ढांचे के अलावा स्थायी किस्म के रोजगार सृजन को भी अहमियत दें, ताकि गांव-कस्बों से यहां आने वाली आबादी को कोरोना जैसे संकट के समय सब कुछ छोड़ कर घर वापस लौटने का विकल्प अपनाने को मजबूर न होना पड़े। शहर बनाने और शहर बसाने का मकसद सिर्फ यह नहीं होना चाहिए कि ढांचागत सुविधाओं के आधार पर वह रहने की एक शानदार जगह है, बल्कि अब जरूरी हो गया है कि वहां लोगों को वाजिब कीमत पर आवास के साथ रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और मनोरंजन के सारे साधन भी मिले। यही वह कसौटी है जिस पर खास तौर से उत्तर भारतीय शहर पिछड़ते जा रहे हैं। रोजगार जैसे मसले पर तो राजनीति के तहत दिल्ली-मुंबई जैसे शहरों के भीतर से आवाज उठने लगी है कि उन्हें अब और बाहरी लोगों की जरूरत नहीं है। इसलिए कहा जा सकता है कि किसी भी शहर की रहन-सहन योग्य क्षमता तब तक अधूरी ही मानी जाएगी, जब तक यह साफ न हो कि वह शहर रोजगार के कितने और किस तरह के अवसर उपलब्ध करा सकता है।

लक्ष्य

5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था- विचार, लक्ष्य से अधिक महत्वपूर्ण

राजीव मिश्रा

लर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए दो अलग-अलग रास्तों का चयन कर सकता है। एक तरीका हिसाब-किताब करने से संबंधित है, जिसे अक्सर उन लोगों द्वारा उद्धृत किया जाता है, जो लक्ष्य को ही अविश्वसनीय मानते हैं। इसे ऐसा यांत्रिक रूप दिया जाता है, जिससे लगता है कि लक्ष्य, हासिल करने लायक है। इसके लिए जीडीपी की उच्च वृद्धि के अनुमान को प्रमुखता दी जाती है, जिसमें उच्च मुद्रास्फीति और मजबूत मुद्रा शामिल होते हैं।

वैश्विक महामारी के संभवतः अंत और टीकाकरण अभियान की शुरूआत की अवधि में प्रस्तुत बजट 2021-22, विकास बजट होने की उम्मीद पर खरा उतरता है। बजट में न केवल अर्थव्यवस्था को महामारी-पूर्व की स्थिति में ले जाने के लिए आवश्यक विकास-घटक मौजूद हैं, बल्कि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बीच इन घटकों के वितरण की स्पष्टता भी है। इसमें अभी क्षमता-निर्माण करने की बात कही गयी है, ताकि बाद में उच्च विकास दर को बनाये रखा जा सके। बजट में समावेशी विकास रणनीति के प्रति संवेदनशीलता भी है। इसके अलावा, बजट में अर्थव्यवस्था की विकास क्षमता को बढ़ाने के लिए साहसिक सुधार के उपाय भी हैं। क्या बजट 2025 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में एक अग्रदूत की भूमिका निभा पायेगा?

भारत लक्ष्य अवधि तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए दो अलग-अलग रास्तों का चयन कर सकता है। एक तरीका हिसाब-किताब करने से संबंधित है, जिसे अक्सर उन लोगों द्वारा उद्धृत किया जाता है, जो लक्ष्य को ही अविश्वसनीय मानते हैं। इसे ऐसा यांत्रिक रूप दिया जाता है, जिससे लगता है कि लक्ष्य, हासिल करने लायक है। इसके लिए जीडीपी की उच्च वृद्धि के अनुमान को प्रमुखता दी जाती है, जिसमें उच्च मुद्रास्फीति और मजबूत मुद्रा शामिल होते हैं। सहज रूप से यह तब हो सकता है, जब बड़े पैमाने पर पूंजी का निरंतर प्रवाह हो, जो आंशिक रूप से एक तरफ भारतीय मुद्रा को मजबूती प्रदान करे और दूसरी तरफ विदेशी मुद्रा के भंडार में वृद्धि करे। भंडार में वृद्धि से नकदी का प्रवाह बढ़ता है, जिससे अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति बढ़ जाती है। अंतिम परिणाम के रूप में हम पाते हैं - विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि, एक मजबूत मुद्रा, उच्च मुद्रास्फीति और सबसे अधिक असंतोषजनक निम्न विकास दर और कम रोजगार। यह संदेहास्पद है कि क्या यह कमजोर परिणाम भी जारी रह सकता है, क्योंकि मुद्रास्फीति को लक्षित करने वाला केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति की चिंता को खत्म करते हुए कहता है कि पूंजी प्रवाह, केवल उच्च मुद्रास्फीति-निम्न विकास अर्थव्यवस्थाओं को जोखिम के रूप में देखती है।

लक्ष्य पर पहुंचने का दूसरा रास्ता वास्तविक तरीका है, जिसपर बजट 2021-22 में भौतिक, वित्तीय पूंजी और अवसंरचना स्तंभों के तहत विस्तार से चर्चा की गयी है। सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा संचालित एक मजबूत अवसंरचना, अर्थव्यवस्था में निवेश की दर को बढ़ाती है। आय और खपत के स्तर को बढ़ाने के लिए तब गुणक की भूमिका शुरू होती है। अधिक खपत, बदले में निजी निवेश को प्रेरित करती है। प्रेरित निजी निवेश आय और खपत के स्तर को और भी बढ़ाता है, क्योंकि गुणक की भूमिका एक बार फिर से शुरू हो जाती है। इस प्रकार बजट पूंजीगत व्यय को बढ़ाता है, जिससे गुणक-उत्प्रेरक इंटरफेस की शुरूआत होती है और अर्थव्यवस्था में निवेश-आय-खपत चक्र को गति मिलती है। यह वास्तविक तरीका वास्तविक जीडीपी में वृद्धि करता है, रोजगार के अवसर पैदा करता है और जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए मुद्रास्फीति को स्थिर और निम्न स्तर पर रखता है। यह उत्पादकता लाभ के माध्यम से निर्यात प्रतिस्पर्धा पर इसके प्रतिकूल प्रभाव को कम करके मजबूत मुद्रा को भी इसके लिए अनुकूल बनाता है। बजट में मानव पूंजी और नवाचार तथा अनुसंधान एवं विकास के स्तंभों को मजबूत करने की बात कही गयी है, जिसमें अर्थव्यवस्था में उत्पादकता बढ़ाने की रणनीति शामिल है।

अगले 2-3 वर्षों में दुनिया की अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं में उच्च वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर दुर्लभ होगी, क्योंकि वे धीरे-धीरे ही महामारी के प्रभाव से उबरने में सक्षम होंगे। आईएमएफ ने भी अपने जनवरी, 2021 में जारी वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में 2021 और उसके बाद के वर्षों के लिए वैश्विक उत्पादन में मामूली वृद्धि का अनुमान जताया है। दुनिया की आय धीरे-धीरे बढ़ेगी, इसलिए भारत की जीडीपी वृद्धि के लिए, निर्यात से मिलने वाले प्रोत्साहन में थोड़ा वक्त लगेगा। स्पष्ट रूप से अगले कुछ वर्षों तक घरेलू बाजार ही भारत के विकास का प्रमुख आधार रहेगा, क्योंकि घरेलू विनिर्माण धीरे-धीरे उन वस्तुओं और सेवाओं की मांग को भी पूरा करेगा, जिनका सामान्यतः आयात किया जाता है। इस संबंध में, उत्पादकता से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मेक इन इंडिया का एक नया अध्याय शुरू करेगी। जब घरेलू विनिर्माण, विश्व-स्तरीय प्रौद्योगिकी को अपनाएंगे, तो उत्पादकता-लाभ यह सुनिश्चित करेगा कि उत्पाद दुनिया के बाजारों में प्रवेश करने के लिए पर्याप्त रूप में प्रतिस्पर्धी हैं।

जीडीपी के 6.8 प्रतिशत पर, राजकोषीय घाटा अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने के लिए बड़े पूंजीगत परिव्यय का वित्तपोषण करेगा और यही वास्तविक रास्ता है। एक मध्यम राजकोषीय समेकन योजना, जो राजकोषीय घाटे को निरंतर कम करते हुए 2026 में 4.5 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखती है, के लिए भी अगले कुछ वर्षों तक बड़े पूंजीगत व्यय की जरूरत पड़ेगी। उच्च वास्तविक जीडीपी विकास दर, अर्थव्यवस्था को तेज गति के साथ 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सहायता करेगी। लक्ष्य तक पहुंचने में एक या दो साल की देरी हो सकती है। हालांकि, जब तक विकास वास्तविक तरीके से होता रहेगा, तब तक देश के सर्वांगीण विकास के सन्दर्भ में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को एक विचार के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि एक संख्या के तौर पर, जिसपर हिसाब-किताब करते हुए निगरानी रखी जाती है।

(लेखक- आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग)

ज्ञान गंगा

जो लोग निस्वार्थ भाव से भक्ति करते हैं, उन्हें मिलती है भगवान की कृपा

एक ग्वाला रोज गायों को चराने गाय से बाहर जंगल में जाता था। जंगल में एक संत का आश्रम था। वहां संत रोज तप, ध्यान, मंत्र जाप करते थे। ग्वाला रोज संत को देखता तो उसे समझ नहीं आता था कि संत ये सब क्यों करते हैं? ग्वाले की उम्र कम थी। संत के इन कर्मों को समझने के लिए वह आश्रम में पहुंचा और संत से पूछा कि आप रोज ये सब क्या करते हैं? संत ने बताया कि मैं भगवान को पाने के लिए भक्ति करता हूं। रोज पूजा-पाठ, तप, ध्यान और मंत्र जाप करने से भगवान के दर्शन हो सकते हैं। संत की बात सुनकर ग्वाले ने सोचा कि मुझे भी भगवान के दर्शन करना चाहिए। ये सोचकर ग्वाला आश्रम से निकलकर एक सुनसान जगह पर पेड़ के नीचे एक पैर पर खड़े होकर तप करने लगा। कुछ देर बार उसने सांस लेना भी बंद कर दिया। ग्वाले ने सोचा कि जब तक भगवान दर्शन नहीं देंगे, मैं ऐसे ही रहूंगा। छोटे से भक्त की इतनी कठिन तपस्या से भगवान बहुत जल्दी प्रसन्न हो गए। वे ग्वाले के सामने प्रकट हुए और बोले कि पुत्र आंखें खोलो, मैं तुम्हारे सामने आ गया हूं। ग्वाले ने आंखें खोले बिना ही पूछा कि आप कौन हैं? भगवान बोले कि मैं वही ईश्वर हूं, जिसके दर्शन के लिए तुम तप कर रहे हो। ये सुनकर ग्वाले ने आंखें खोल लीं, लेकिन उसने ईश्वर को कभी देखा नहीं था। वह सोचने लगा कि क्या ये ही वो भगवान हैं? सच जानने के लिए उसने भगवान को एक पेड़ के साथ रस्सी से बांध दिया। भगवान भी भक्त के हाथों बंध गए। ग्वाला तुरंत दौड़कर उस संत के आश्रम में पहुंच गया और पूरी बात बता दी। संत ये सब सुनकर हैरान थे। वे भी तुरंत ही ग्वाले के साथ उस जगह पर पहुंच गए। संत उस पेड़ के पास पहुंचे तो वहां कोई दिखाई नहीं दिया। भगवान सिर्फ ग्वाले को दिखाई दे रहे थे। संत ने बताया कि मुझे तो यहां कोई दिखाई नहीं दे रहा है तो ग्वाले ने भगवान से इसकी वजह पूछी। भगवान ने कहा कि मैं उन्हीं इंसानों को दर्शन देता हूं जो निस्वार्थ भाव से मेरी भक्ति करते हैं। जिन लोगों के मन में कपट, स्वार्थ, लालच होता है, उन्हें मैं दिखाई नहीं देता। जो लोग भगवान की भक्ति निजी स्वार्थ की वजह से करते हैं, उन्हें भगवान की कृपा नहीं मिल पाती है। निस्वार्थ भाव से की गई भक्ति ही सफल होती है।

twitter

मैं एक दिन हवाई जहाज से जयपुर से आ रहा था। मेरे बगल में एक बहनजी बैठी थी। मैंने उनकी तरफ देखा नीचे गम बूट थे। जब और ऊपर देखा तो जींस घुटने से फटी हुई थी। 2 बच्चे उनके साथ में थे। महिला एनजीओ चलाती है। समाज के बीच में जाती हो। क्या संस्कार दोगे?

नीरज सिंह रावत, सीएम उत्तराखंड

मैं केंद्र सरकार से कहना चाहता हूं कि इस कानून को वापस ले लो। जनता की ताकत को मत छीनो। जो इन्होंने जनता की ताकत को छीना है, हम उसे वापस लेकर रहेंगे। दिल्ली में जितने भी विकास के काम है सारे विकास के काम होंगे।

अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री दिल्ली

पीएम मोदी ने सभी राज्यों में चल रहे वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा की। उन्होंने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि सभी राज्यों में टेस्टिंग सुविधा बढ़ानी है और जिस राज्य में नाइट कर्फ्यू हो वहां कोरोना टेस्टिंग बढ़ाने और कंट्रोल करने का निर्देश दिया है।

प्रमोद सावंत, मुख्यमंत्री गोवा

एक तरफ भाजपा के नेतृत्व में विकास, सुरक्षा और समृद्धि की प्रर्याय बनी भाजपा है। दूसरी तरफ कांग्रेस और यूडीएफ और उनके साथ जुड़े हुए उन लोगों का भ्रष्ट गठबंधन है, जो तुष्टिकरण की पोषक है। जो घुसपैठियों को घुसाकर असम की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करना चाहते हैं।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

वर्चुअल समाज का बढ़ता दायरा

अंबरीश गौतम

वैश्वीकरण को एक प्रक्रिया के रूप में समूचे विश्व को एकीकृत करने का माध्यम माना गया है। इसमें दूरस्थ से निकटस्थ को और निकट स्थान से दूरस्थ क्षेत्रों को जोड़ने की क्षमता है। इसी क्षमता के कारण ही वैश्वीकरण ने भूमंडल के विभिन्न क्षेत्रों, भूखंडों, स्थलों और जनसांख्यिकीय आकृति को एक-दूसरे से जोड़ने में सफलता प्राप्त की है। इन्हें जोड़ने में पूंजी, तकनीक, संसाधन, वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद-बिक्री की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसी प्रक्रिया ने पूरे विश्व को एकीकृत किया है, जहां पर भाषा, राजनीति, शिक्षा, संस्कृति, शासन और आचार-विचार के विविध स्वरूपों में एकरूपता बनाने का प्रयास किया गया है। यह उसी तरह से है, जैसे किसी विस्तृत जमीन का समतलीकरण करते हुए उसे खेल के मैदान में रूपांतरित कर दिया जाता है। यह प्रक्रिया इस प्रकार से की जाती है कि खेल के मैदान के एक छोर से दूसरे छोर तक आसानी से नजर रखी जा सके और संपर्क बनाये रखा जा सके।

वैश्वीकरण के माध्यम से विश्व की सभी संस्थाओं, जैसे आर्थिक, शैक्षणिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक माध्यमों को इस प्रकार के सांचे में ढाला गया है कि वे भी खेल के मैदान के विभिन्न बिंदुओं के रूप में कार्य कर सकें। साथ ही उनमें कुछ इस प्रकार का समन्वय स्थापित किया जा सके कि एक छोर से खींची जाने वाली रस्सी दूसरे छोर पर स्थित संस्था संरचना को जोड़ कर उसमें वांछित परिवर्तन कर सके। कहने का तात्पर्य है कि यदि एक छोर पर राजनीतिक बयार बहे, तो अंतिम छोर की भी राजनीति प्रभावित हो। यदि एक छोर पर क्रांति आये, तो अंतिम छोर भी उसी के अनुरूप परिवर्तित हो सके। हालांकि वैश्वीकरण द्वारा संपन्न समतलीकरण की इस प्रक्रिया में एक तत्व कहीं न कहीं छूटा हुआ दिखाई पड़ता है, वह है- विभिन्न क्षेत्रों के बीच आपसी संपर्क एवं संवाद। संपर्कों और संवादों की यह व्यवस्था मानव रहित नहीं स्थापित की जा सकती है, क्योंकि उससे न तो उसमें पूरणता आ पायेगी और न ही भविष्य में होनेवाली किसी मानवीय भूल से इनकार किया जा सकता है।

ऐसी स्थिति में संपरक एवं संवाद के माध्यम के रूप में वर्चुअलीकरण की प्रक्रिया आरंभ की गयी है। यह प्रक्रिया मूल रूप से सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना तकनीक पर आधारित है। इसमें समतल किये गये खेल के मैदान के विभिन्न बिंदुओं के रूप में रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नॉन-ह्यूमन कम्युनिकेशन, इंटरनेट, सेटेलाइट, टेक्नोलॉजी, नैनो टेक्नोलॉजी और नैनो पार्टिकल्स आदि का प्रयोग आरंभ हो चुका है। आज के दौर में आरंभ की गयी यह प्रक्रिया रोबोटिक्स पर आधारित है, जहां पर मनुष्य का मनुष्य के बीच संपरक फाइबर ऑप्टिक्स पर टिका है। इन फाइबर ऑप्टिक्स के माध्यम से संचालित की जाने वाली सूचनाएं बिना गलती और बिना छेड़छाड़ के एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजी जा रही हैं। इसमें लेशमात्र की भी गलती की गुंजाइश नहीं रहती है। इस तकनीकी उन्नति की हो देन है कि मानवीय न्यूरॉन से बनने वाले संपरक सूत्र अब ऑप्टिकल न्यूरॉन से बनते हुए संचालित किये जा रहे हैं। संचालन की यह प्रक्रिया सिर्फ वैश्विक स्तर की विभिन्न संस्थाओं के बीच संपरक सूत्र का माध्यम नहीं रही है, बल्कि मानव जीवन के उपयोग में आने वाली छोटी-छोटी संस्थाओं जैसे परिवार, सामाजिक सरोकार, मनुष्यों के आपसी संबंध, बात-व्यवहार, शिक्षा आदि सभी गतिविधियों को अपने घेरे में ले चुकी है। यह परिवरतन इतना प्रभावी रूप ले चुका है कि इससे वर्तमान में विश्व का कोई भी व्यक्ति अपने आपको अलग नहीं कर पा रहा है।

वास्तव में मनुष्य की ऑप्टिकल फाइबर पर बढ़ती हुई यही निरभरता वर्चुअल दुनिया का निर्माण कर रही है। आज के दौर का कोई संस्थान इस तकनीकी बदलाव से अछूता नहीं है। दूसरे शब्दों में कहें, तो यह तकनीक, क्षमता उन्नयन और विकास की वाहक बन रही है। चाहे स्कूल, कॉलेज हों, सरकारी कार्यालय हों या पूजा-पाठ हों, व्यापार या वाणिज्य हों, खाद्यान हों, सभी वर्चुअल ग्राउंड बन गये हैं। इसकी खासियत है कि इसमें बिना प्रत्यक्ष उपस्थिति के मनुष्य अपनी समूची आवश्यकताओं की पूरित कर पा रहा है। यही वर्चुअल दुनिया है तथा संपादित की जाने वाली प्रक्रिया वर्चुअलाइजेशन। वर्चुअल संरचना के निर्माण में वरतमान संचार सुविधाओं ने क्रांतिकारी योगदान दिया है। ऐसा लगता है कि समाज के स्तर पर पूरव में स्थापित सामाजिक संरचना के सामानांतर एक नयी वर्चुअल सामाजिक संरचना निरिमत हो गयी है, जिसमें व्यक्तियों का आमने-सामने होना आवश्यक नहीं है, बल्कि यह वर्चुअल सामाजिक संरचना लोगों को आपस में जोड़े हुए है।

हॉटनेस के मामले में कियारा और उर्वशी एक दूसरे को दे रही हैं टक्कर

उर्वशी रौतेला और कियारा आडवाणी दोनो ही बॉलीवुड की ग्लैमरस और हॉट एक्ट्रेस हैं। दोनों की सोशल मीडिया पर अच्छी फैन फॉलोइंग है। अब कियारा और उर्वशी दोनो ने आज अपनी हॉट फोटोज शेयर की हैं। सोशल मीडिया पर दोनो की फोटोज छाई हुई है। हालांकि उर्वशी ने जहां साड़ी पहनी है। वहीं कियारा ने ब्लैक हाई स्लिट ड्रेस पहनी है।उर्वशी ने रेड साड़ी मे फोटो शेयर की है जिसमें वह भीगी हुई नजर आ रही हैं। फोटो शेयर करते हुए उर्वशी ने लिखा, किचन की तरफ जाते हुए। उर्वशी की ये फोटो उनकी मां ने क्लिक की है जो हाल ही में रिलीज़ हुए उनके गाने एक लड़की भीगी-भागी सी से है। साड़ी में भी उर्वशी अपनी हॉट अदाओं से फैंस का दिल जीत रही हैं।वहीं कियारा ने फिल्मफेयर के लिए ब्लैक हाई स्लिट ड्रेस में फोटोशूट कराया है। कियारा के इस हॉट लुक को देखकर ना सिर्फ उनके फैंस बल्कि बॉलीवुड सेलेब्स भी तारीफ कर रहे हैं। मैसी हेयर के साथ कियारा के हॉट एक्सप्रेशन किसी को भी अट्रैक्ट कर लेंगे।

वार्डरॉब मॉलफंक्शन का शिकार हो गई थीं उर्वशी

कुछ दिनों पहले उर्वशी ने अपना एक वीडियो शेयर किया था जिसमें वह हनी सिंह के साथ लव डोज गाने पर डांस कर रही थी। तभी डांस करते-करते वह वॉर्डरोब मॉलफंक्शन का शिकार हो गई थी।उर्वशी रौतेला की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो हाल ही में उन्होंने अपनी अगली वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश की घोषणा की है। इस वेब सीरीज में उनके साथ रणदीप हुड्डा मुख्य भूमिका मे नजर आएंगे। इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो चुका है। यह वेब सीरीज उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारी अविनाश मिश्रा पर आधारित है। इस वेब सीरीज में यह दिखाया जाएगा कि कैसे अविनाश मिश्रा ने आपराधिक गतिविधियों से निपटने का काम किया था।

कियारा की फिल्में

कियारा की बात करें तो इन दिनो वह भूल भुलैया 2 की शूटिंग कर रही है। इस फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन और तब्बू लीड रोल में हैं। इसके अलावा वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ फिल्म शेरशाह में नजर आएंगी। वैसे सिद्धार्थ के साथ रिलेशन को लेकर भी आलिया काफी सुर्खियों में है।

सिद्धार्थ के साथ रिलेशन को लेकर सुर्खियों में

कुछ दिनों पहले कियारा, सिद्धार्थ के पेरेंट्स से भी मिली थी। वह सिद्धार्थ और उनके परिवार के साथ लंच डेट पर गई थी। इसके अलावा कियारा और सिद्धार्थ का अब एक-दूसरे के घर आना-जाना भी है।।

बता दें कि कपिल शर्मा ने एक बार अपने शो में कियारा से रिलेशनशिप के बारे में पूछा था तो उन्होंने कहा था मैं अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में तब ही बताऊंगी जब शादी करने वाली होगी। कपिल ने इस पर कहा- चलिए उस लड़के के लिए तालियां बजाते है जो कियारा से शादी करेगा।

तारा सुतारिया की कोरोना रिपोर्ट आई नेगेटिव

बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस तारा सुतारिया की कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आई है। ये जानकर उनके फैंस ने राहत की सांस ली। एक्ट्रेस से इसकी जानकारी खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करके दी। उन्होंने बताया कि अब वो पहले से बेहतर और स्वस्थ हैं। उन्होंने इस मौके पर अपने सभी चाहने वालों को उनके लिए प्रार्थना करने के लिए शुक्रिया भी कहा।स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2फेम तारा सुतारिया पिछले दिनों कोरोना वायरस की चपेट में आ गई थीं। इस बात की खबर फैलते ही उनके प्रशंसक चिंता में पड़ गए थे। हर कोई उनकी सलामती की दुआ मांग रहा था। आखिरकार सभी की दुआएं रंग लाई और एक्ट्रेस की असली कोविड 19 रिपोर्ट नेगेटिव आई।तारा सुतारिया ने अपने कोविड नेगेटिव पाए जाने की बात फैंस को सोशल मीडिया के जरिए बताई। उन्होंने लिखा, सभी के कंसर्न और प्यार के लिए धन्यवाद। मैं कोविड निगेटिव पाई गई हूं और हेल्दी हूं। आप सब भी सुरक्षित रहें। सभी को ढेर सारा प्यार। एक्ट्रेस की ओर से दिए गए अपने हेल्थ अपडेट से उनके फैंस ने राहत की सांस ली। वो चाहते थे कि उनकी चहेती अदाकारा जल्दी स्वस्थ हो जाएं और वे उन्हें दोबारा किसी बड़े प्रोजेक्ट में काम करता देख सकें।

तड़प के पोस्टर से बंटोरी सुर्खियां

तारा ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म तड़प को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। मूवी के पोस्टर के रिलीज होने के बाद से वो लगातार सुर्खियां बंटोर रही हैं। दरअसल पोस्टर में सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी तारा को किस करते हुए नजर आ रहे हैं। ये सीन काफी बोल्ड लग रहा है। तड़प फिल्म के जरिए अहान बॉलीवुड में अपना डेब्यू करेंगे। सुनील शेट्टी के बेटे के इंडस्ट्री में कदम रखने पर अक्षय कुमार ने अपनी खुशी जताई है।सुनील शेट्टी के जिगरी दोस्त अक्षय कुमार ने पोस्टर रिलीज करते हुए लिखा, आपके लिए बड़ा दिन अहान मुझे आज भी याद है आपके पिताकी पहली फिल्म, बलवान का पोस्टर और आज मैं आपको पेश कर रहा हूं पोस्टर को साझा करते हुए बहुत खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। यह मूवी 24 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

प्रोजेक्ट्स की लगी झड़ी

तारा सुतारिया भले ही इंडस्ट्री में नई हो, लेकिन उनका दबदबा कायम हो चुका है। तभी उनके पास प्रोजेक्ट्स की कमी नहीं हैं। उनके पास अभी करीब 3 मूवीज हैं। इनमें से एक हीरोपंती 2 है। इसके अलावा वह दूसरी फिल्म के लिए अपने सह-कलाकार के साथ दोबारा जुड़ी हैं। तारा को एक विलेन 2 के लिए भी कास्ट किया गया है। इस बात से तारा काफी खुश हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, मुझे तीन फिल्मों पर काम करने का सौभाग्य मिला है। अपने करियर की शुरूआत से मैं बहुत खुशकिस्मत रही हूं कि मुझे काम करने के लिए बहुत सारी फिल्में मिलीं। एक समय में कई फिल्मों में काम करने का मौका मिलना एक आशीर्वाद है।

ऋतिक का समोसा लव देख स्टार ने उड़ाया मजाक

बॉलीवुड के हैंडसम हंक ऋतिक रोशन को देख भला कौन यकीन करेगा कि उन्हें जंक फूड खाना पसंद है और वो भी समोसा। मगर ये बात सच है। इसका जीता जागता सबूत इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में देखने को मिल रहा है। जिसमें ऋतिक बिल्कुल जी-जान से इंटरनेट में पड़े फूड मेन्यू में समोसे को तलाश रहे हैं। उनकी इस गंभीरता को देख टाइगर श्रॉफ अपनी हंसी को कंट्रोल नहीं कर पाएं और उन्होंने ऋतिक का जमकर मजाक उड़ाया।

ऋतिक ने भी मस्ती करते हुए अपनी फूड क्रेविंग की ये तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर पोस्ट की है। जिसमें वो काफी गंभीर लग रहे है, लेकिन हकीकत में वो लोगों से मजाक कर रहे हैं। उन्होंने अपनी तस्वीर के साथ एक फनी कैप्शन लिखा, सीरियस चेहरा देखकर धोखे में मत आएगा। यह मेन्यू है। मैं अपने खाने को लेकर बहुत गंभीर हूं। मैं समोसे को मिस कर रहा हूं।

इन स्टार्स की छूटी हंसी

ऋतिक रोशन का ये मजेदार पोस्ट देखकर उनके दोस्त और को-एक्टर्स भी खुद को हंसने से नहीं रोक पाएं। सबसे पहले टाइगर श्रॉफ ने इसमें हंसने वाले इमोजी बनाए। उनके इस एक्सप्रेशन को देख लगा कि उन्हें ऋतिक के इस कारनामे पर बहुत हंसी आ रही है। वो उनका मजाक बना रहे हैं। टाइगर के अलावा दूसरे एक्टर्स ने भी डुग्गू की इस पोस्ट पर अपना समोसा लव जाहिर किया। इनमें प्रीति जिंटा और हुमा कुरैशी से लेकर राकेश रोशन तक सभी शामिल हैं। हर कोई ऋतिक की इस पोस्ट पर ठहाके लगाते दिखा।

एक दिन में खा सकते हैं 12 समोसे

ऋतिक रोशन को समोसा इतना ज्यादा पसंद है कि वो अपने चीट डे पर एक दिन में करीब 12 समोसे खा सकते हैं। इस बात का खुलासा उन्होंने खुद द कपिल शर्मा शो में किया था। ऋतिक की लेटेस्ट इंस्टाग्राम तस्वीर में भी उनका समोसा लव देखने को मिल रहा है। उनकी इस पोस्ट को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। अभी तक इस पर करीब डेढ़ मिलियन से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।

आम्रपाली के क्यों निकले आंसू?

भोजपुरी एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह आए दिन फैंस के लिए मजेदार वीडियो और अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हमेशा फैंस को हंसाने वाली आम्रपाली ने इस बार ऐसी वीडियो शेयर की है जिसे देखने के बाद एक्ट्रेस की आंखों में आंसू देख फैंस भी रोने लगेंगे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर इस समय वायरल हो रही है।

आम्रपाली ने वीडियो में कहती हैं हम अक्सर हंसा देते हैं उदास लोगों को। हमसे हमारे जैसे लोग देखे नहीं जाते हैं। वीडियो में आम्रपाली की आंखों में आंसू नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस वीडियो में एक ऑडियो पर लिप सिंक किया है। फैंस को आम्रपाली का यह वीडियो बहुत पसंद आ रहा है।

आम्रपाली ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा- ये सिर्फ एक एक्ट है। मैं बहुत खुश हूं लेकिन मुझमें एक्टिंग का कीड़ा है। तो मुझे अच्छे ऑडियो पर रील्स बनाना पसंद है।

खेसारी लाल के साथ फिल्म में आएंगी नजर: खेसारी इन दिनों आम्रपाली दुबे के साथ निमार्ता प्रदीप के शर्मा की नई फिल्म आशिकी की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों प्रयागराज के माघ मेला परिसर जोर शोर से चल रही है। इस फिल्म में पहली बार खेसारी लाल यादव, आम्रपाली दुबे के साथ नजर आएंगे। जहां इस फिल्म के निर्देशक कई बड़ी सफल फिल्मों का निर्देशन कर चुके पराग पाटिल कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण बाबा मोशन पिक्चर प्रा.लि. के बैनर तले हो रहा है।

निया शर्मा से नजरें हटाना हो रहा मुश्किल

निया शर्मा हमेशा अपनी बोल्ड और हॉट फोटोज को लेकर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। हाल ही में अपने ब्लैक बोल्ड आउटफिट में फोटो शेयर करने के बाद अब एक्ट्रेस ने व्हाइट टॉप में अपनी फोटो शेयर की है। इस बैकलेस टॉप में निया अपना हॉट फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं।

इस व्हाइट टॉप के साथ निया ने व्हाइट कलर की जींस पहनी है और एक पेंडेंट पहना है। साथ ही निया इस फोटो में अपनी नेवल पियरसिंग भी फ्लॉन्ट कर रही हैं। निया ने बोल्ड आई मेकअप के साथ रेप लिप्सटिक लगाई है जिससे वह और हॉट लग रही हैं। इससे पहले निया ने ब्लैक हॉट टॉप में अपनी फोटो शेयर की थी जिसमें उनका बोल्ड अंदाज देखकर फैंस भी चौंक गए थे। वैसे निया अक्सर अपनी फोटोज की वजह से ट्रोल भी होती रहती हैं। लेकिन इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है। वैसे निया अपने काम में बहुत मेहनत करती हैं और यही वजह है कि आज वह जिस भी मुकाम पर हैं अपनी मेहनत से हैं।

कुछ समय पहले निया ने मुंबई में अपने लिए घर खरीदा है। निया ने अपने नए घर की फोटोज शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा था, फाइनली मुंबई में अपना घर खरीद ही लिया। वहीं कुछ दिनों पहले निया ने अपनी नई कार भी खरीदी।निया की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह टीवी पर लास्ट शो नागिन 4 में नजर आई थीं। इस शो में निया के साथ जैस्मीन भसीन, रश्मि देसाई और विजेंद्र कुमेरिया लीड रोल में थे। निया ने शो में इच्छधारी नागिन का किरदार निभाया था। इसके बाद वह खतरों के खिलाड़ीः मेड इन इंडिया में आई थीं और इस सीजन की ट्रॉफी अपने नाम की थी।

फिर निया जमाई 2।0 में नजर आई थीं जो ओटीटी पर रिलीज हुआ था। इसमें निया के साथ रवि दुबे लीड रोल में थे। जमाई 2।0 में भी निया का हॉट अवतार फैंस को बहुत पसंद आया था।

राखी ने क्यों लगाई ड्राइवर की क्लास?

बिग बॉस 14 के घर में राखी सावंतसभी का खूब मनोरंजन किया है। उनकी अजीब हरकतें सभी के चेहरे पर हंसी ले आती थीं। अब बिग बॉस 14 के बाद भी राखी सावंत का अंदाज बिल्कुल भी नहीं बदला है। उनका वो बेबाकपन अभी भी फैंस को काफी पसंद आता है।वर्कआउट सेशन के बाद राखी को अपनी कार नहीं मिल रही थी। जिसके बाद उन्होंने अपने ड्राइवर की ही क्लास लगा डाली। राखी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

राखी सावंत का यह वीडियो पैपराजी ने शेयर किया है। वीडियो में वर्कआउट सेशन के बाद जब राखी बाहर आती हैं तो उन्हें अपनी कार नजर नहीं आती है। वह इधर-उधर ढूंढने की कोशिश करती हैं। वेन्यू पर मौजूद कैमरापर्सन राखी को उनकी कार तक ले जाने में मदद करते हैं। राखी कैमरापर्सन की मदद से अपनी कार तक तो पहुंच जाती हैं लेकिन उन्हें वहां अपना ड्राइवर नहीं मिलता है। जिसके बाद वह फोन करके उसकी क्लास लगाती हैं।

राखी अपने ड्राइवर को कॉल करके कहती हैं- किधर है तू? किधर है? मैं तो कार के पास खड़ी हूं। लाइन मार रहा है क्या किसी को कोने में बैठ कर? किसके साथ बैठा है? फोन काटने के बाद राखी पैपराजी से कहती हैं- बताओ मेरा ड्राइवर कोने में बैठकर लव लपाटा कर रहा है। वो देखो कैसे भागकर आ रहा है अपनी गर्लफ्रेंड को छोड़कर।

एक नजर...

कोरोना का कहरः मास्क नहीं लगाने वालों को भरना पड़ेगा जुर्माना

लखनऊ। पूरे देश में कोरोना के दूसरी लहर से भयावह हो रहे हालात के मद्देनजर अब उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मास्क न लगाना भारी पड़ेगा। मास्क नहीं लगाने वालों को मेडिकल स्टोर पर दवाई नहीं दी जाएगी। वहीं, चारबाग स्टेशन व लखनऊ जंक्शन पर बगैर मास्क के दिखने वालों से रेलवे प्रशासन 100 रुपये जुर्माना वसूलेगा। जुर्माना वसूलने की कार्रवाई आज से शुरू कर दी गई है ।यह सख्ती संक्रमण काबू में करने के लिए की जा रही है। मेडिकल स्टोर पर दवाई खरीदने के लिए मास्क लगाने की अनिवार्यता का कड़ाई से पालन होगा। लखनऊ केमिस्ट एसोसिएशन ने बुधवार को बैठक के बाद यह घोषणा की। बैठक में थोक और फुटकर दोनों विक्रेता थे। एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिराज रस्तोगी ने कहा कि होली को लेकर बाजार में भीड़ बढ़ गई है। वहीं, कोरोना के मामलों में भी इजाफा हो रहा है। इसे देखते हुए अब बिना मास्क लगाए किसी भी व्यक्ति के साथ कारोबार नहीं किया जाएगा। यह व्यवस्था फुटकर तथा थोक दोनों बाजारों पर लागू होगी। वहीं, बाजारों में समय-समय पर सैनिटाइजेशन भी किया जाएगा। दवा कारोबारियों को टीकाकरण के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। राजधानी में 25 हजार से ज्यादा दवा दुकानें हैं। इन पर रोजाना करीब 25 हजार लोग दवाई खरीदने आते हैं। इनमें लखनऊ के दूर-दराज के इलाके के साथ अन्य जनपद के विक्रेता भी होते हैं। इन दुकानों पर रोजाना करोड़ों का कारोबार होता है। लखनऊ में महाराष्ट्र और पंजाब से बड़ी संख्या में लोग रोज आ रहे हैं। इन दोनों राज्यों में कोरोना का प्रकोप ज्यादा है। रेलवे प्रशासन ने कहा है कि स्टेशन पर बिना मास्क दिखे लोगों से 100 रूपया जुर्माना वसूला जायेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान को विशेषांक भेंट

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को आज साप्ताहिक बुंदेली बौछार समाचार-पत्र के विशेषांक की प्रति भेंट की गई। समाचार पत्र के संपादक श्री सचिन चौधरी और सहयोगी श्री देवदत्त दुबे ने अखबार की प्रति सौंपी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अखबार में बुंदेलखंड की आंचलिक संस्कृति से संबंधित सामग्री के प्रकाशन की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्मार्ट उद्यान में करंज का पौधा लगाया

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट पार्क में आयुर्वेदिक चिकित्सा में महत्वपूर्ण माने गए करंज के पौधे का रोपण किया। करंज के पौधे का इस्तेमाल धार्मिक कार्यों में भी किया जाता है। इसके प्रमुख औषधीय गुणों की बात करें तो यह कुष्ठ रोग के उपचार, घाव को जल्दी ठीक करने, सूजन दूर करने और कफ एवं वात का शमन करने में उपयोग किया जाता है। इसके पौधे की छाल को घिसकर लेप तैयार कर कुष्ठ एवं घाव के स्थान पर लगाने से लाभ होता है। इसका तेल कृमिनाशक होता है। मधुमेह, बवासीर, दंत रोगों में भी करंज का इस्तेमाल किया जाता है। इसकी लकड़ी दातून के रूप में भी उपयोग में लाई जाती है। इसकी प्रजातियों में करंज, कट करंज और चिरबिल्व शामिल हैं।

नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन की तैयारी एक साथ करें

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सचिव राज्य निर्वाचन आयोग : श्री दुर्ग विजय सिंह

भोपाल। नगरीय निकाय और पंचायत निर्वाचन की तैयारी एक साथ करें। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दुर्ग विजय सिंह ने यह बात जिले के अधिकारियों के स्थानीय निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण में कही। प्रशिक्षण वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से हुआ। श्री सिंह ने कहा कि नाम निर्देशन-पत्रों की प्राप्ति, उनकी संवीक्षा, नाम वापसी और प्रतीक आवंटन के संबंध में सभी तैयारियाँ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा चाही गयी जानकारी तुरन्त उपलब्ध करवायें। श्री सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण बार-बार नहीं होगा। अतः जो बातें आज बतायी जा रही हैं, उन्हें ध्यान से सुनें। पूरी प्रक्रिया में कोविड-19 की गाइड लाइन का शत-प्रतिशत पालन हो। प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स डॉ. समीरा नईम और श्री अजय काले ने निर्वाचन की घोषणा के बाद की जाने वाली कार्यवाही और आदर्श आचरण संहिता के बारे में बताया। श्री दीपक पाण्डे ने नाम निर्देशन-पत्रों की प्रस्तुति, संवीक्षा, और प्रतीक आवंटन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आई.ई.एम.एस. सहित निर्वाचन संबंधी अन्य आई.टी.टूल्स और एप्लीकेशन के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस दौरान उप सचिव श्री अरूण परमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

आयुष राज्यमंत्री श्री कांवरे के प्रयास से 136 चिकित्सकों की परिवीक्षावधि समाप्त

भोपाल। आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री राम किशोर कांवरे के प्रयासों से 136 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि समाप्त की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में पदस्थ इन सभी चिकित्सा अधिकारियों ने प्रशिक्षण सफलता पूर्वक पूर्ण कर लिया है। मंत्री श्री कांवरे ने विभाग की अनुशंसा का अनुमोदन करने के बाद तुरंत आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं।

2015 में जिस जाति-वर्ग की सीट आरक्षित, उसे इस बार आरक्षण नहीं

लखनऊ। यूपी में में होने जा रहे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में पदों का आरक्षण व आवंटन वर्ष 2015 के रोटेशनसे ही होगा। उस वर्ष जो सीट

जिस जाति के लिए आरक्षित हुई थी, इस बार के चुनाव में वह सीट उस जाति के लिए आरक्षित नहीं की जाएगी। प्रदेश के पंचायतीराज विभाग ने 15 मार्च को हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ के आदेश का पालन करते हुए बुधवार की देर रात पंचायतों के पदों और सीटों के आरक्षण और आवंटन के बारे में शासनादेश जारी किया। इस शासनादेश में कहा गया है कि 15 मार्च को हाईकोर्ट के आदेश के पालन के अनुसार इस साल 11 फरवरी को पंचायतों की सीटों व पदों के आरक्षण व आवंटन के लिए जारी शासनादेश निरस्त कर दिया है। नया शासनादेश जारी किया गया है। इस नए शासनादेश के अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष के 75, ब्लाक प्रमुख के 826 और ग्राम प्रधान के 58194 पदों में आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी। राज्य में जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख और ग्राम प्रधानों में एस.टी, एस.सी. और ओबीसी के लिए आरक्षित किये जाने वाले पदों की संख्या की गणना राज्य में उनकी जनसंख्या के अनुपात में की जाएगी। महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत, एसटी व एससी के लिए 23 प्रतिशत आरक्षण के हिसाब से पंचायतों में सीटें आरक्षित की जाएंगी। शासनादेश में कहा गया है कि वर्ष 2015 में जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान तथा ग्राम, क्षेत्र व जिला पंचायत सदस्य के पदों की जो सीटें जिन जातियों के लिए आरक्षित की गई थीं, इस बार के चुनाव के लिए वह सीटें उन जातियों के लिए आरक्षित नहीं की जाएंगी। उदाहरण के लिए महिला के लिए आरक्षित ब्लाक प्रमुख के पदों के आवंटन के लिए जिले की क्षेत्र पंचायतें जो एसटी., एससी और ओबीसी के लिए आरक्षित हो चुकी हैं, उनको हटाते हुए जो बाकी बचेंगी, उन्हें सामान्य वर्ग की जनसंख्या के अवरोही क्रम में लगाया जाएगा। सबसे पहले महिला की सीट का आवंटन उन क्षेत्र पंचायतों में किया जाएगा जो वर्ष 2015 के पंचायत चुनाव में महिला श्रेणी में आवंटित नहीं रही हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष के नए आरक्षण में भी कमान ओबीसी को

पीलीभीत। हाईकोर्ट के आदेश के बाद जारी होने वाले आरक्षण पर फिर से नजरे लग गईं हैं। देर रात बुधवार को एक बार फिर से जिला पंचायत अध्यक्ष पद की कमान ओबीसी के ही खाते में गई है। इससे पूर्व में भी यह सीट ओबीसी के लिए मुकर्रर की गई थी। जिला पंचायत के अध्यक्ष पद की आरक्षण सीट कोर्ट के आदेश के बाद अब क्लियर होते ही सभी राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी तैयारियां और तेज कर दी है। इस बार अन्य पिछड़ा वर्ग का कंडीडेट जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठेगा। वो कौन होगा यह तो वक्त तय करेगा पर इस बात पर अंतिम मुहर लग गई हैं कि कोर्ट के आदेश के बाद सीट ओबीसी को ही रहेगी। जिला पंचायत के अध्यक्ष पद वर्ष 2010 में ओबीसी महिला सीट रही थी, जिसके बाद अब फिर से अन्य पिछड़ा वर्ग को मौका मिला है। वर्ष 2010 की सीट ओबीसी की महिला की थी, पर ओबीसी में महिला/पुरुष दोंनों की है। जिला पंचायत अध्यक्ष पद का भले ही आरक्षण तय हो गया है, पर पूरा चुनावी फोकस जिला पंचायत के सदस्यों के आरक्षण पर है। सदस्यों का आरक्षण तय होना पार्टियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। जिसका काफी इंतजार है।

यूपी पंचायत चुनाव 2021

बोर्ड परीक्षा से पहले होंगे या बाद में ?

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में होने जा रहे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव आगामी 24 अप्रैल से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षाओं से पहले ही कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारी शुरू कर दी है। पंचायत चुनाव में आरक्षण निर्धारण नए सिरे से करने के हाईकोर्ट के 15 मार्च के आदेश के बाद माना जा रहा था कि इस प्रक्रिया में समय लगने के कारण संभवतः बोर्ड परीक्षा कार्यक्रम बाधित हो। लेकिन अब प्रदेश सरकार के निर्देश पर आयोग ने बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले ही यानि 23 अप्रैल तक चार चरणों में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत, क्षेत्र व जिला पंचायत सदस्य के चारों पदों के लिए मतदान कराने की तैयारी तेज कर दी है।

27 या 28 मार्च को जारी हो सकती है अधिसूचना-आयोग ने इन चुनावों के लिए जो प्रस्तावित कार्यक्रम तैयार किया है, उसके मुताबिक आगामी 26 या 27 मार्च

को पंचायतीराज विभाग आरक्षण प्रक्रिया पूरी कर ब्योरा आयोग को सौंप देगा। इसी क्रम में आयोग राज्य सरकार को चुनाव का प्रस्तावित कार्यक्रम भेज कर परामर्श मांगेगा। प्रदेश सरकार राज्यपाल की अनुमति लेकर इस प्रस्तावित कार्यक्रम को स्वीकृति देगी और उसी के अनुसार 27 या 28 मार्च को आयोग पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी कर देगा। अप्रैल के पहले सप्ताह से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और पहले चरण का मतदान 10 अप्रैल को तथा आखिरी चरण का मतदान 22 या 23 अप्रैल को करा लिया जाएगा।

आज हो रही समीक्षा

हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए चुनाव निर्धारित समय से कराने के लिए ही राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोग गुरुवार 18 अप्रैल को सभी मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग करेगा। अपर निर्वाचन आयुक्त वेद प्रकाश वर्मा ने बताया कि कान्फ्रेंसिंग में कानून-व्यवस्था, लाइसेंसी हथियारों को जमा करवाए जाने की प्रगति, जिलों में चुनाव सामग्री पहुंचने, चुनाव कार्मिकों की तैनाती व उनके प्रशिक्षण आदि के बारे में अब तक हुई तैयारी का जायजा लिया जाएगा।

ललितपुर में महिला सिपाही से छेड़छाड़, आरोपी युवक गिरफ्तार

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के ललितपुर शहर के कोतवाली क्षेत्र में एक महिला सिपाही के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में गुरुवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर के एक मुहल्ले की रहने वाली 28 वर्षीय एक महिला हमीरपुर जिले में कांस्टेबल के पद पर तैनात है और वह परास्नातक की परीक्षा देने के लिये छुट्टी में अपने घर आई थी। उन्होंने बताया कि पीड़िता मंगलवार को महाविद्यालय से परीक्षा देकर लौट रही थी, तभी मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने उससे छेड़छाड़ की और विरोध करने पर उसे लाठी से पीटा। सूत्रों ने बताया कि इस सिलसिले में मुख्य आरोपी मोगली यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिला कांस्टेबल का चिकित्सीय परीक्षण करवाया गया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

जानी थी बारात, दावत के लिए काटी जा रही थी गाय

दूल्हा हुआ गिरफ्तार निकाह कैंसिल

रामपुर। रामपुर जिले के टांडा में पुलिस ने दूल्हे समेत उसके परिजनों को गोकशी करते पकड़ लिया है। बलीम की दावत के लिए देर रात घर में गोकशी हो रही थी। पुलिस ने मौके से एक कुंतल गोमांस और काटने के उपकरण भी बरामद किए हैं। पकड़े गए सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। मामला थाना टांडा क्षेत्र के लालपुर कला गांव का है। देर रात पुलिस को सूचना मिली कि गांव में शादी वाले घर में गोकशी की जा रही है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। मुखबिर द्वारा मिली सूचना के आधार पर पुलिस शादी वाले घर में पहुंच गई। घर के अंदर हो रही गोकशी को देख पुलिस के भी होश उड़ गए। आनन-फानन में पुलिस ने घेराबंदी करने के बाद परिवार के 6 लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में दूल्हा यासीन भी शामिल था जिसकी आज बारात जानी थी।अन्य आरोपियों में अब्दुल सलाम, बाबू हाजी, मोहम्मद रफी, भूरा, मोहम्मद इस्लाम, और मोहम्मद यासीन शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों में सभी एक ही परिवार के लोग हैं। पुलिस ने मौके से एक कुंतल गोमांस और काटने के उपकरण भी बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक बुधवार को होने वाले दावत ए वलीमा के लिए गोकशी की जा रही थी। पुलिस ने सभी के खिलाफ गोकशी की संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। कोतवाल माघो सिंह बिष्ट ने बताया सभी के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। दूल्हे की गिरफ्तारी के बाद निकाह कैंसिल हो गया है।

चार साल में यूपी पुलिस के हाथों मारे गए 135 अपराधी

लखनऊ। पिछले चार साल के योगी सरकार के कार्यकाल में कुल 135 अपराधी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए। यह आंकड़ा 23 मार्च 2017 से 15 मार्च 2021 तक का है। सबसे ज्यादा 41 अपराधी वर्ष 2018 में मारे गए थे, जबकि मौजूदा वर्ष में अब तक कुछ छह अपराधी मारे जा चुके हैं। गृह विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2017 में 28, वर्ष 2019 में 34 और वर्ष 2020 में कुल 26 अपराधी आत्मरक्षार्थ की गई पुलिस की कार्रवाई में मारे गए। कुल मारे गए अपराधियों में पांच लाख का इनामी एक, 2.5 लाख के इनामी तीन, दो लाख के इनामी दो, 1.5 लाख के इनामी तीन, एक लाख के इनामी 18, 75 हजार का इनामी एक, 62 हजार का इनामी एक, 50 हजार के इनामी 46, 25 हजार के इनामी 20, 15 हजार के इनामी 11, 12 हजार के इनामी चार, पांच हजार का एक तथा 24 अन्य अपराधी शामिल हैं।

सबसे ज्यादा मेरठ जिले में मारे गए अपराधी-चार साल में पुलिस के साथ मुठभेड़ में सबसे ज्यादा 18 अपराधी मेरठ जिले में मारे गए। इसके अलावा मुजफ्फरनगर जिले में 13, सहारनपुर जिले में 10, अलीगढ़ जिले में नौ, आजमगढ़ जिले में आठ, गौतमबुद्धनगर (नोएडा) कमिश्नरेट व शामली जिले में छह-छह, बाराबंकी जिले में पांच तथा लखनऊ कमिश्नरेट, कानपुर नगर, गाजियाबाद व बागपत में चार-चार अपराधी मारे गए। बुलंदशहर, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी व अमरोहा में तीन-तीन अपराधी मारे गए।

आशिक मिजाज दारोगा

चेकिंग के बहाने रोककर लड़की से लिया मोबाइल नंबर, अब करने लगा गंदी बात

बिस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती में एक दारोगा ने अपने पद और पॉवर के दुरुपयोग की हद पार कर दी। दारोगा ने लॉकडाउन में चेकिंग के बहाने एक लड़की को रोका, मास्क न पहनने पर टोका और फिर मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद वह वह लड़की को अक्सर फोन करने लगा। मैसेज भी भेजने शुरू कर दिए। जब ये मैसेज और बातचीत बर्दाश्त के बाहर हो गई तो लड़की ने एतराज कर दिया। इसके बाद दारोगा ने लड़की के भाईयों और अन्य सगे-सम्बन्धियों के खिलाफ मुकदमों का ऐसा जाल बिछाया कि परिवार बूरी तरह परेशान हो उठा। लड़की ने सबूतों के साथ पुलिस के आला अफसरों से शिकायत की तो दारोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया। लेकिन लड़की और उसके परिवार को लगा कि पुलिस मामले को रफा-दफा करने की कोशिश कर रही है। लिहाजा, लड़की ने महिला आयोग से मामले की शिकायत की। महिला आयोग की सख्ती के बाद दारोगा को सस्पेंड करके मामले पर जांच बिठा दी गई है। हालांकि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि दारोगा ने लड़की को फोन करके और गांव में विवाद की सूचना मिलने पर बिना फोर्स अकेले जाने की गलती जरूर की लेकिन लड़की के परिवार के खिलाफ दर्ज मुकदमे बिल्कुल सही हैं। उधर, लड़की का आरोप है कि दारोगा उससे फोन पर गंदी बातें करता था। मैसेज भी भेजता था। लड़की ने आईजी से इस मामले की शिकायत करते हुए अपने परिवार की रक्षा की गुहार लगाई है। लड़की के मुताबिक इस सिलसिले की शुरुआत लॉकडाउन के दौरान हुई थी। वह बुआ के लड़के के साथ बाइक से दवा लेने जा रही थी। इसी दौरान कोतवाली क्षेत्र के सोनूपार पुलिस चोकी इंचार्ज दीपक सिंह ने चेकिंग के नाम पर बाइक रोकी। दोनों से पूछताछ की। मास्क न पहनने पर फटकार लगाई और लड़की से उसका मोबाइल नंबर मांगा। लड़की ने भाई का मोबाइल नंबर दे दिया तो चौकी इंचार्ज ने जोर देकर उसका मोबाइल नंबर मांगा। लड़की का मोबाइल उस समय घर पर था। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने उस नंबर पर फोन कर घर पर लड़की की भाभी से बात कर तस्दीक की कि मोबाइल उसी का है। इसके बाद दारोगा उस नंबर पर अक्सर फोन करने लगा। आपत्तिजनक मैसेज भेजने लगा। परेशान होकर लड़की ने दारोगा का नंबर ब्लॉक कर दिया। लड़की का आरोप है कि कुछ दिन बाद दवा लेते जाते वक्त दारोगा ने फिर उसे चौकी पर रोक लिया और धमकी दी कि अगर मेरी बात नहीं मानोगी तो तुम्हारे परिवार को फर्जी मुकदमे में फंसाकर बर्बाद कर दूंगा। लड़की के मुताबिक उसने इसकी जानकारी घरवालों को दी तो उसके भाई ने दारोगा के बड़े भाई से मिलकर शिकायत की। उन्होंने पूरी बात समझने के बाद छोटे भाई से बात की और कहा कि उसे खूब डांटा है। वह अब ऐसी गलती नहीं करेगा। मोबाइल का डाटा डिलीट कर दो। ऐसा न करने पर उन्होंने भाई से जबरन मोबाइल लेकर डाटा डिलीट कर दिया। उसे अपशब्द कहते हुए भगा दिया। लड़की का आरोप है कि नंबर ब्लॉक करने के बाद दारोगा ने गांव में विपक्षियों के साथ मिलकर उसके परिवार के खिलाफ चार-चार मुकदमे दर्ज कर दिए।

क्या कहना है दारोगा का

पूरा परिवार आपराधिक पृष्ठभूमि का है। मेरा प्रोफाइल फोटो मेरे नाम से किसी और मोबाइल फोन में सेव करके मेरी ओर से फर्जी मैसेज किए गए। इसकी जांच हो चुकी है। मेरे नंबर से कोई कॉल नहीं की गई है। दरअसल लड़की के भाइयों के खिलाफ दर्ज मुकदमों में मेरे खिलाफ पेशबंदी की जा रही है। इन लोगों ने मुझे बंधक बनाकर मेरे साथ भी मारपीट की थी। जान से मारने की कोशिश की थी। गांववालों ने इनके खिलाफ धरना दिया था।

दीपक सिंह, आरोपित दारोगा

क्या कहते हैं अधिकारी

आरोपों के आधार पर एसआई के खिलाफ कार्रवाई हुई है लेकिन परिवार पर जो मुकदमे हुए हैं वे सही हैं।

हेमराज मीणा, एसपी बस्ती

मैनचेस्टर सिटी और रियल मेड्रिड क्वार्टरफाइनल में

बुडापेस्ट ■ एजेंसी

मैनचेस्टर सिटी और रियल मेड्रिड ने दूसरे चरण के अंतिम-16 मैच में अपने-अपने मुकाबले जीत यूएफा चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। सामाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, कोरोना के कारण यात्रा प्रतिबंधों को देखते हुए मैनचेस्ट सिटी और मोंचेनग्लाडबाक के बीच मुकाबला बुडापेस्ट के पुसकस एरेना में हुआ। मैनचेस्टर सिटी की ओर से कप्तान केविन डी ब्रुनी ने 12वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके छह मिनट बाद ही 18वें मिनट में एल्के गुंडोगन ने गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। मैनचेस्टर सिटी ने पहले हाफ में मोंचेनग्लाडबाक को गोल करने नहीं

दिया। दूसरे हाफ में जहां मैनचेस्टर सिटी ने बढ़त बनाने की कोशिश की तो वहीं मोंचेनग्लाडबाक ने बराबरी की कोशिश की। हालांकि, मैनचेस्टर सिटी ने इस बढ़त को अंत तक कायम रखा और मोंचेनग्लाडबाक को 2-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मुकाबले में रियल मेड्रिड ने एटलांटा को 3-1 से शिकस्त दी। रियल मेड्रिड की ओर से करीम बेंजेमा ने 34वें मिनट में गोल कर टीम को शुरूआती बढ़त दिलाई। बेंजेमा के गोल के बाद सर्गियो रामोस ने 60वें मिनट में गोल कर टीम का स्कोर 2-0 कर दिया। इस बीच, एटलांटा की ओर से लुइस फनाडो मुरिएल फ्रुतो ने 83वें मिनट में गोल कर बढ़त कम करने की कोशिश की। रियल मेड्रिड की ओर से इसके बाद मार्को एसेंसियो ने 84वें मिनट में गोल कर स्कोर 3-1 कर दिया। निर्धारित समय तक एटलांटा की ओर से अन्य गोल नहीं होने के कारण उसे हार का सामना करना पड़ा। 13 बार की चैंपियन रियल मेड्रिड तीन सत्रों के बाद पहली बार क्वार्टरफाइनल में पहुंची है। क्वार्टरफाइनल के मुकाबले शुक्रवार को खेले जाएंगे।

रियाल मैड्रिड 3 सीजन में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

रियाल मैड्रिड की टीम ने मंगलवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल के दूसरे लेग में अटलांटा को 3-1 से हरा दिया। मैड्रिड के लिए कारिम बेंजेमा, सर्जियो रामोस और मार्को असेंसियो ने गोल दागे। पहले लेग में मैड्रिड की टीम 1-0 से आगे थी। एग्रीगेट में 4-1 से मैच जीतकर रियाल मैड्रिड की टीम 3 सीजन में पहली भी क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। इससे पहले 2 सीजन में उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। रियाल मैड्रिड की टीम 13 बार यह टूर्नामेंट जीत चुकी है। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के लिए ड्रॉ का ऐलान शुक्रवार को होगा।

न्यूज. ब्रीफ

बिली जीन किंग कप विश्व ग्रुप प्लेऑफ में भारत की अगुवाई करेंगी सानिया, अंकिता

नई दिल्ली। अनुभवी भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा और देश की टॉप रैंक की एकल टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना अगले महीने 16 और 17 अप्रैल को लातविया के खिलाफ होने वाले बिली जीन किंग कप विश्व ग्रुप प्लेआफ में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। डेविस कप के पूर्व खिलाड़ी विशाल उप्पल टीम के कप्तान बने रहेंगे। भारत ने पिछले साल उजबेकिस्तान, कोरिया गणराज्य, चीनी ताइपे और इंडोनेशिया को हराया था और उसने एशिया/ओशिनिया ग्रुप-1 इवेंट में दूसरा स्थान हासिल किया था। इसके बाद उसे पिछले साल वर्ल्ड ग्रुप प्लेऑफ में शामिल किया गया था। रिजनल ग्रुप इवेंट में टॉप की टीम चीन का सामना नीदरलैंडस से होगा। विश्व ग्रुप प्लेआफ में 16 टीमे भाग लेगी, जिसमे क्वालीफायर्स में हारने वाली आठ टीमें, जबकि रिजनल ग्रुप-1 इवेंट में शामिल होने वाली आठ टीमे भाग लेगी। प्लेऑफ में जीतने वाली टीमे क्वालीफायर्स में पहुंचेगी, जबकि हारने वाली टीम अपने अपने रिजनल ग्रुप-1 इवेंट 2022 मे भाग लेगी। भारतीय टीम : सानिया मिर्जा, अंकिता रैना, रुतुजा भोसले, जील देसाई, कर्मन कौर थांडी, रिया भाटिया (रिजर्व)।

रॉस टेलर बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे से बाहर

डुनेडिन। न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज रॉस टेलर चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले पहले वनडे मैच से बाहर हो गए है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, टेलर की जगह ऑलराउंडर मार्क चापमैन को टीम मे शामिल किया गया है। टेलर को प्लंकेट शील्ड मे सेंट्रल स्टेग और वेलिंगटन फायरबर्डस के बीच रविवार को हुए मुकाबले के दौरान चोट लग गई थी। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि टेलर चोट से जल्द उबर जाएंगे और सीरीज के बाकी दो मुकाबलो मे खेलने के लिए फिट होंगे। स्टीड ने कहा, स्टेलर के लिए दुख की बात होगी कि सीरीज से ठीक पहले वह चोटिल हो गए। यह मामूली चोट है और हमें उम्मीद है कि कुछ दिन आराम और रिहेबिलिटेशन के बाद वह क्राइस्टचर्च मे होने वाले दूसरे मेच से पहले फिट हो जाएंगे।र न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच डुनेडिन के यूनीवर्सिटी ओवल मे 20 मार्च को पहला वनडे खेला जाएगा जबकि दूसरा मेच क्राइस्टचर्च के हेग्ले ओवल मे 23 मार्च और तीसरा तथा अंतिम वनडे 26 मार्च को वेलिंगटन के वेसिन रिजर्व मे होगा। विश्व कप सुपर लीग मे न्यूजीलैंड की यह पहली सीरीज है।

पहले टी-20 में अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को 48 रन से हराया

आबुधाबी। अफगानिस्तान जिम्बाब्वे के बीच आज आबुधाबी मे खेले गए पहले टी-20 मेच मे अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को 48 रन से हरा दिया और तीन मैचो की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 198 रन बनाए और जिम्बाब्वे को 199 का लक्ष्य दिया, लेकिन जिम्बाब्वे की टीम निर्धारित 20 ओवर मे सात विकेट खोकर केवल 150 रन ही बना सकी। इससे पहले अफगानिस्तान के युवा बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले मे 87 रन की तूफानी पारी खेली। गुरबाज ने 45 गेंदो का सामना किया और छह चौके व सात छक्के लगाए। 19 साल के रहमानुल्लाह गुरबाज विकेटकीपर बल्लेबाज है। वे रयान बर्ल की गेंद पर आउट हुए। पहले बैटिंग करते हुए अफगानिस्तान को गुरबाज और करीम जनत ने जोरदार शुरूआत दी। पावरप्ले के छह ओवर मे दोनो ने 66 रन उड़ा दिए। गुरबाज और जनत के बीच पहले विकेट के लिए आठ ओवर मे ही 80 रन की साझेदारी हुई। इनमें से जनत का योगदान केवल 26 रन का था। इस पार्टनरशिप को रिचर्ड एनगरावा ने तोड़ा।

भारत-इंग्लैंड टी-20 सीरीज : करो या मरो का मुकाबला आज, राहुल तेवतिया को उतार सकते हैं कोहली

इंडिया को सीरीज बचाने की चुनौती

अहदाबाद ■ एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ तीन में से दो मैचों में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रही भारतीय टीम गुरुवार को चौथे टी20 मैच में उतरेगी। 'करो या मरो' के इस मुकाबले में उसके सामने पांच मैचों की सीरीज को बराबर करने की चुनौती होगी। इंग्लैंड के खिलाफ तीन में से दो मैचों में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रही भारतीय टीम गुरुवार को चौथे टी20 मैच में उतरेगी। 'करो या मरो' के इस मुकाबले में उसके सामने पांच मैचों की सीरीज को बराबर करने की चुनौती होगी। अहमदाबाद में यह मैच शाम 7।00 बजे शुरू होगा। भारतीय टीम साथ ही चाहेगी कि अगर वह टॉस गंवाती है, तो यह मैच के नतीजे में निर्णायक साबित नहीं हो। मौजूदा सीरीज में अब तक टॉस जीतकर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम ने आसान जीत दर्ज की है। भारतीय कप्तान विराट कोहली हालांकि लगातार अच्छे प्रदर्शन की जरूरत पर जोर देते रहे हैं। उनका कहना है इस साल घरेलू सरजमीं पर होने वाले टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए टीम लक्ष्य का पीछा करे या पहले बल्लेबाजी करे, उसे अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जो दो मैच गंवाए हैं उसमें टीम को पावर प्ले में जूझना पड़ा, जिसके कारण टीम के अंतिम स्कोर पर असर पड़ा, जबकि दोनों ही मैचों

में एक बल्लेबाज (क्रमशः श्रेयस अय्यर और विराट कोहली) ने शानदार प्रदर्शन किया। केएल राहुल के खराब फॉर्म का खामियाजा भी भारत को भुगतना पड़ रहा है, लेकिन कोहली स्पष्ट कर चुके हैं कि कर्नाटक का यह बल्लेबाज और रोहित शर्मा सलामी जोड़ी के रूप में उनकी प्राथमिकता हैं। इंग्लैंड के तूफानी गेंदबाजों मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने पहले छह ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। ये दोनों विकेट से अतिरिक्त उछाल हासिल कर भारतीय बल्लेबाजों को दुविधा में डालने में सफल रहे हैं।

ऑलराउंडर पंड्या को गेंदबाजी में भी दम दिखाना होगा

भारत ने जब बाद मे गेंदबाजी की तो टीम के नंबर एक स्पिनर युजवेंद्र चहल ने दोनो मुकाबलो मे रन लुटाए। ऑलराउंडर के रूप मे हार्दिक पंड्या की वापसी प्रभावी रही है, लेकिन वह अब तक कोई विकेट नही चटका पाए है। चोट के बाद वापसी करते हुए पहली सीरीज खेल रहे भुवनेश्वर कुमार ने किफायती गेंदबाजी की है, लेकिन टीम को उनसे उम्मीद है कि वह नई गेंद से नियमित विकेट चटकाए। भारत के आफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर ने सबसे अधिक प्रभावित किया है, जिन्होने 6।95 प्रति ओवर की प्रभावी इकोनॉमी रेट के साथ चार विकेट चटकाए है। भारत के 1-2 से पिछड़ने के बावजूद अंतिम एकादश में बड़े बदलाव की उम्मीद नही है।

राहुल तेवतिया को उतार सकते हैं कोहली

तीसरे मैच के बाद कोहली के बयान पर गौर करें तो हार्दिक पंड्या और वॉशिंगटन सुंदर के साथ टीम में एक अन्य ऑलराउंडर को जगह मिल सकती है और वह पदार्पण का इंतजार कर रहे राहुल तेवतिया और अक्षर पटेल में से कोई एक हो सकता है। कोहली ने तीसरे मैच मे 77 रनो की धमाकेदार पारी खेलकर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुचाया, लेकिन मेजबान टीम के गेंदबाज विरोधी बल्लेबाजो को परेशान करने में नाकाम रहे और जोस बटलर ने तूफानी पारी खेलकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

बटलर की फॉर्म में वापसी भारत के लिए चिंता का विषय

भारत की तरह इंग्लैंड भी हर तरह के हालात मे जीत दर्ज करना चाहता है और टीम पिछले मैच मे जीत से उत्साहित होगी। बटलर की फॉर्म मे वापसी भारत के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि जिस दिन यह बल्लेबाज लय मे होता है, तो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को धवस्त करने की क्षमता रखता है। भारत के खिलाफ दो टेस्ट मे बुरी तरह नाकाम रहे जॉनी बेयरस्टो ने मंगलवार को मनोबल बढ़ाने वाली नाबाद 40 रन की पारी खेली। इंग्लैंड को अब दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज डेविड मलान के फॉर्म मे लौटने का इंतजार है।

टीमें इस प्रकार हैं

भारतः विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, केएल राहुल, शिखर धवन, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, युजवेंद्र चहल, भुवनेश्वर कुमार, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, नवदीप सैनी, दीपक चाहर, राहुल तेवतिया, ईशान किशन।

इंग्लैंडः इयोन मॉर्गन (कप्तान), जोस बटलर, जेसन रॉय, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, बेन स्टोक्स, मोईन अली, आदिल राशिद, रीस टॉपले, क्रिस जॉर्डन, मार्क वुड, सैम कुरेन, टॉम कुरेन, सैम बिलिंग्स, जॉनी बेयरस्टो और जोफ्रा आर्चर।

आईसीसी टी20 रैंकिंग : विराट कोहली की टॉप-5 में वापसी

भारतीय कप्तान विराट कोहली आईसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजो की सूची मे फिर से टॉप पांच मे लौट आए है। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचो की टी20 सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच मे क्रमशः 73 और 77 रनो की नाबाद पारी खेली है। अपने इस प्रदर्शन के दम पर कप्तान कोहली आईसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग मे बल्लेबाजो की सूची मे पांचवें नंबर पर पहुच गए है। उनके अलावा श्रेयस अय्यर ने 32 स्थानो की लंबी छलांग लगाकर 31वें जबकि ऋषभ पंत 30 पायदान ऊपर चढ़कर 80वें नंबर पर पहुच गए है। आलराउंडरो की लिस्ट मे वाशिंगटन सुंदर को दो पायदान का फायदा हुआ है और वह 11वें नंबर पर पहुच गए है। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर गेंदबाजो की रैंकिंग मे 14 स्थानो की लंबी छलांग लगाकर 27वें नंबर पर आ गए है, जबकि भुवनेश्वर कुमार सात स्थानो की छलांग लगाकर 45वें नंबर पर पहुच गए है। इंग्लैंड के डेविड मलान बल्लेबाजो की रैंकिंग मे नंबर-1 स्थान पर बने हुए है, जबकि तीसरे मैच मे 83 रनो की नाबाद पारी खेलने वाले जोस बटलर पांच पायदान ऊपर चढ़कर 19वें नंबर पर पहुच गए है। वह अपने करियर की बेस्ट रैंकिंग 17वें स्थान से दो पायदान ही दूर है। इस बीच, जॉनी बेयरस्टो दो स्थानो के सुधार के साथ 14वें नंबर पर पहुच गए है। जेसन रॉय चार स्थान ऊपर उठकर 24वें नंबर पर पहुच गए है।

लोकेश राहुल अब भी विराट से आगे

पिछली चार टी-20 इंटरनेशनल पारियो मे सिर्फ 1 रन बनाने वाले लोकेश राहुल अब भी रैंकिंग मे विराट कोहली से ऊपर है। राहुल 771 अंको के साथ चौथे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के एरोन फिंच 830 अंको के साथ दूसरे और पाकिस्तान के बाबर आजम 801 अंको के साथ तीसरे स्थान पर है।

टॉप-10 में कोई भारतीय गेंदबाज नहीं

टी-20 गेंदबाजो की रैंकिंग मे टॉप-10 मे कोई भारतीय गेंदबाज शामिल नही है। वॉशिंगटन सुंदर 631 अंको के साथ 11वें स्थान पर है और वे सबसे ऊंची रैंकिंग वाले भारतीय गेंदबाज है। जसप्रीत बुमराह 23वें, युजवेंद्र चहल 25वें और शार्दूल ठाकुर 27वें स्थान पर है। अफगानिस्तान के राशिद खान 736 अंको के साथ नंबर-1 गेंदबाज है।

मुक्केबाजी : गौरव, सोनिया ने बोस्फोरस बॉक्सिंग टूनार्मेंट में की विजयी शुरूआत

इस्तांबुल ■ एजेंसी

भारतीय मुक्केबाज गौरव सोलंकी और सोनिया लाथेर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तुर्की के इस्तांबुल में आयोजित बोस्फोरस बॉक्सिंग टूनार्मेंट के पहले दिन अपने-अपने भार वर्ग के मुकाबले जीत टूनार्मेंट में विजयी शुरूआत की। 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के विजेता गौरव ने पुरुष 57 किग्रा वर्ग में कजाखिस्तान ने अरापोव एडोस को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग में विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता सोनिया ने महिला 57 किग्रा वर्ग में अर्जेंटीना की रोसोरिओ मिलोग्रोस को 5-0 से मात दी। 27 वर्षीय सोनिया का दूसरे दिन राउंड -2 में सामना सुरमेनेली तुर्गकेनाज से होगा। इस

बीच भारत के तीन अन्य मुक्केबाजों को अपने-अपने बाउट में हार का सामना करना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता नमन तंवर को तुर्की के बाकी यालसिन मुहम्मद ने पुरुष 91 किग्रा वर्ग के मुकाबले में 4-1 से हराया, जबकि पीएल प्रसाद को कजाखिस्तान के अबदिकादिर दामिर से 52 किग्रा वर्ग में 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। प्रयाग चव्हाण (75 किग्रा) और पूजा को महिला वर्ग में 75 किग्रा में हार का सामना करना पड़ा। टूनार्मेंट के दूसरे दिन विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता शिव थापा (63 किग्रा), दुर्योधन नेगी (69 किग्रा), बृजेश यादव (81 किग्रा) और किशन शर्मा (प्लस 91 किग्रा) पुरुष वर्ग में, जबकि महिला वर्ग में निखत जरीन (51 किग्रा) और परवीन (60 किग्रा) में अपने चुनौती पेश करेंगी। इस टूनार्मेंट में भारत के 13 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं।

महिला क्रिकेट : द. अफ्रीका ने भारत को हराकर 4-1 से जीती सीरीज

लखनऊ ■ एजेंसी

एने बोश (58) और मिगनोन डु प्रेज (57) की शानदार पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने यहां भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए पांचवें वनडे मुकाबले में बुधवार को भारत को पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की वनडे सीरीज 4-1 से जीत ली। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। भारत ने कप्तान मिताली राज के 104 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 79 रनों की पारी के दम पर 49.3 ओवर में नौ विकेट पर 188 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने बोश के 70 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 58 और डु प्रेज के 100 गेंदों पर चार चौकों

की मदद से 57 रनों की बदौलत 48.2 ओवर में पांच विकेट पर 189 रन बनाकर मैच जीत लिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से मरिजाने काप 42 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 36 रन और नादिने डी क्लेर्क 39 गेंदों पर दो चौकों के सहारे 19 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत की तरफ से राजेश्वरी गायकवाड़ ने तीन विकेट, दयालत हेमलता ने एक और सी प्रत्युशा ने एक विकेट लिया। भारत की पारी में मिताली के अलावा हरमनप्रीत कौर ने 30, प्रिया पुनिया ने 18 और स्मृति मंधाना ने 18 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से डी क्लेर्क ने तीन विकेट, नोंदुमिसो शंगासे ने दो, तुमि सेखुखुने ने दो और काप ने एक विकेट लिया।

मल्लखम्ब प्रतियोगिता अंडर-18 बालक वर्ग में भी उज्जैन ने प्रथम और शाजापुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

बालिका वर्ग में उज्जैन विजेता और शाजापुर उप विजेता

लोकदेश संवाददाता ■ भोपाल

टीटी नगर स्टेडियम के मार्शल आर्ट हॉल में खेली जा रही राज्य स्तरीय मल्लखम्ब प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज भी बालक एवं बालिका वर्ग में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत आज खेले गए बालिका वर्ग अंडर-18 के टीम इवेन्ट में उज्जैन जिले के खिलाड़ियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रोप मल्लखम्ब में 41.60 अंकों के साथ विजेता का खिताब अर्जित किया। जबकि 35.42 अंकों के साथ शाजापुर जिला उप विजेता बना। छतरपुर के खिलाड़ियों ने 33.42 अंक हासिल कर तृतीय स्थान हासिल किया। उज्जैन की विजेता टीम में अनुसुइया बम्बोरिया, रिद्धिमा शर्मा, पायल मंडवालिया, दृष्टि तिवारी, जेसिका प्रजापति और दिव्यांशी भाटिया शामिल थी। उप विजेता शाजापुर टीम में चन्द्रिका मित्तोला, नेहा जाटव, अंजली कछावा, बिंदिया ग्वाली, संध्या नायक और निकिता पंवार शामिल थी। जबकि तृतीय स्थान पर रही छतरपुर टीम में खुशी अरजरिया, भावना अहिरवार, माही अहिरवार, हर्षिता अहिरवार, तनु राय और हर्षिका मिश्रा सम्मिलित थीं। इसी तरह बालक अंडर-18 वर्ग में खेले गए पोल मल्लखम्ब, हेगिंग मल्लखम्ब और रोप मल्लखम्ब टीम इवेन्ट में 121.95 अंकों के साथ उज्जैन प्रथम, 106.32 अंकों के साथ शाजापुर द्वितीय तथा 92.42 अंकों के साथ छतरपुर जिला तृतीय स्थान पर रहा। विजेता टीम उज्जैन के खिलाड़ी प्रणव कोरी, इंद्रजीत नागर, पंकज गरगामा, मोहित मालवीय, कुलदीप मालवीय और आदित्य गहलोत, उप विजेता शाजापुर टीम में कुंदन कछावा, रोहन नवीन, आशीश प्रजापति, नमन गवाली, प्रिंस गवाली, और राज वर्मा तथा तृतीय स्थान पर रही छतरपुर टीम में सोनू कुशवाह, यश कुशवाह, अनिल कुशवाह, विकास अहिरवार, रोहित चैरसिया और शुभांशु अग्रवाल शामिल थे। प्रतियोगिता के अंतिम दिन गुरूवार को बालक-बालिका जूनियर एवं सीनियर वर्ग में बेस्ट प्लेयर कॉम्पिटिशन खेला जायेगा।

खेल मंत्री ने की खिलाड़ियों की हौसला अफजाई

टी.टी. नगर स्टेडियम में खेली जा रही राज्य स्तरीय मल्लखम्ब प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी प्रदेश की खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर उनकी हौसला अफजाई की। उन्होंने बालक एवं बालिका वर्ग में खिलाड़ियों द्वारा किए गए प्रदर्शन को देखा और करतल ध्वनि से उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की। खिलाड़ियों के बीच वे काफी समय उपस्थित रहीं और उन्होंने खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

मैडल सेरेमनी

राज्य स्तरीय मल्लखम्ब प्रतियोगिता के विजेता, उप विजेता टीमो के खिलाड़ियो को सचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन, संयुक्त सचालक डॉ. विनोद प्रधान एवं वी.एस. यादव ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें बधाई और शुभकामनाए दी। खेल संचालक पवन जैन ने बताया कि मल्लखम्ब खेल को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा राज्य खेल घोषित किया गया है। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के 13 जिलो मे मल्लखम्ब केन्द्र का सचालन किया जा रहा है। इनमे ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, उज्जैन, शाजापुर, रतलाम, जबलपुर, भोपाल, इदौर, खरगौन, सागर, छतरपुर और पन्ना शामिल है। इस अवसर पर म.प्र. मल्लखम्ब एसोसिएशन के सचिव के. श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रकाश ताण्डी, तकनीकी समिति के चेयरमेन राजेन्द्र शर्मा एवं द्रोणाचार्य अवार्डी मल्लखम्ब योगेश मालवीय उपस्थित थे।

सोने का दाम 45000 के नीचे, चांदी में 200 रुपए की गिरावट

नईदिल्ली। रिकॉर्ड हाई से करीब 12000 रुपए सस्ता होने के बाद सोने की कीमतों में तेजी का दौर शुरू हो गया है। लेकिन अभी भी देश की राजधानी दिल्ली में सोने की कीमतें 45,000 रुपए प्रति दस ग्राम के नीचे ही बनी हुई है। बुधवार को दिल्ली में सोने के दाम में 60 रुपए की तेजी देखी गई है। इस तेजी के बाद भी दिल्ली में 10 ग्राम सोने की कीमतें 44,519 रुपए पर बनी हुई है। वहीं चांदी की बात करें तो यह 200 रुपए महंगा हुआ है। चांदी की कीमतें 200 रुपए की गिरावट के साथ देश की राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमतें 66,536 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। बुधवार के कारोबारी सत्र में सोने की कीमतों में तेजी रही जबकि चांदी में गिरावट का रुख देखने को मिला। इससे पहले मंगलवार को चांदी की कीमतें 66,736 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर बंद हुई थी। घरेलू मार्केट के साथ साथ ग्लोबल मार्केट में भी सोने की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने में 1.7 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। जबकि चांदी की कीमतें सपाट स्तर पर रही। एचडीएफसी के तपन पटेल के मुताबिक बेहतर ग्लोबल संकेतों का असर घरेलू बाजार पर भी दिखा जिस कारण सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली। सोने की कीमतों में सुबह भी तेजी का रुख देखने को मिला था।

एक नजर...

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत डॉक्टर भागवत सहाय शासकीय महाविद्यालय में दांडी मार्च और महात्मा गांधी विषय निबंध प्रतियोगिता आयोजन हुआ संपन्न

पुष्पांजली टुडे न्यूज

ग्वालियर। स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार आजादी का अमृत महोत्सव के परिपेक्ष में दांडी मार्च की वर्षगांठ पर डॉक्टर भागवत सहाय शासकीय महाविद्यालय ग्वालियर में विभिन्न संकाय के विभिन्न वर्ष के विद्यार्थियों हेतु दांडी मार्च और महात्मा गांधी विषय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के समन्वयक व महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. विजय गंभीर के अनुसार प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं का संकाय के कुल 36 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की । आयोजन संस्था की प्राचार्य डॉक्टर शुक्ला ओझा की अध्यक्षता में किया गया डॉ. आभा वाजपेयी, डॉक्टर सीता अग्रवाल तथा डॉ. शिवा सहायकों द्वारा संस्था स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं का चयन किया गया विजेता 22 मार्च को जिला स्तर पर होने वाली निबंध प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे इन विजेताओं को संस्था द्वारा सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा।

आजादी का अमृत महोउत्सव के अंतर्गत भागवत सहाय शासकीय महाविद्यालय द्वारा साईकिल रैली निकाली गई

पुष्पांजली टुडे न्यूज

ग्वालियर। प्रदेश के ऐतिहासिक स्थल के अंतर्गत डॉ भगवत सहाय शास्त्री महाविद्यालय द्वारा एन.सी.सी एवं एन.एस.एस की महाविद्यालय इकाई द्वारा महाविद्यालय से आजादी का अमृत महोउत्सव के अंतर्गत भागवत सहाय शासकीय महाविद्यालय द्वारा प्रातः 11 बजे एक साईकिल रैली निकाली आयोजन किया गया जिसमें इस में एन.सी.सी के 40 छात्र ने तथा एन.एस.एस के 38 छात्रों ने भाग लिया एन.सी.सी अधिकारी डॉ. विजय कुमार एवं एन.एस.एस अधिकारी डॉ डी. व्ही सिंह एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे.

बिरला नगर स्टेशन पर ट्रेन के सामने कूदकर युवती ने की आत्महत्या

पुष्पांजली टुडे, नीतेश शर्मा

ग्वालियर। के बिरला नगर स्टेशन पर आज शाम 4 बजे पंजाब मेल के सामने कूदकर लड़की ने आत्महत्या कर ली लड़की की उम्र 14-15 वर्ष बताई जा रही है। मृतक की शिनाख्त भी नहीं हो पाई है क्योंकि लड़की स्टेशन पर अकेली आयी हुई थी मौके पर रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जान से मारने की नीयत से चलाई गोली

पुष्पांजली टुडे न्यूज़

ग्वालियर। गुड्डी देवी उम्र 45 साल 2 राजकुमार नरवरिया ग्राम अशोखर थाना मेहगांव के निवासी हैं ग्राम अशोखर में रहने बाले राजकुमार नरवरिया की पत्नी गुड्डी देवी बीती रात अपने घर के बाहर लेटी हुई थी अचानक 4 लोग पंचर जुड़बाने के बहाने रात को उनके घर पहुंचे और उनसे पूछा तुम्हारा लड़का कहा है तो उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ पंचर नही जोड़ी जाती हमारी दुकान तो बहुत पहले बंद हो चुकी है तब उन लोगों ने कहा लड़के को बाहर निकालो तब उन्होंने मना कर दिया बस इसी पर बिबाद हो गया उन लोगो ने कट्टा निकाला और जान से मारने की नीयत से गोली चला दी जो गुड्डी देवी के गले में लगी जब इसकी सूचना डायल108 को दी गई तो कुछ ही छड़ो में पायलेट बिक्रम दैपुरिया सहयोगी दीपक बर्मा मौके पर पहुचे और और उन्हें समुदायक स्वास्थ केंद्र मेहगांव लाया गया जहां गंभीर स्थिती को देखते हुए ग्वालियर रेफर कर दिया गया।

ग्रामोदय मिशन से आएगी खुशहाली और गाँवों का होगा समग्र विकासः मुख्यमंत्री श्री चौहान

मुख्यमंत्री श्री चौहान तथा केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने किया मिशन ग्रामोदय का शुभारंभ, सवा लाख परिवारों को कराया गृह प्रवेश, साढ़े दस हजार से अधिक सामुदायिक निर्माण कार्यों का हुआ लोकार्पण, गृह प्रवेश के साथ विकास कार्यों का लोकार्पण

ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नगरोदय मिशन के बाद आज से पूरे प्रदेश में मिशन ग्रामोदय शुरू किया गया है। इस मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास किया जाएगा। मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में आवास सुविधाएँ देने के साथ ही मूलभूत और आधारभूत संरचनाओं का विस्तार भी किया जाएगा। इससे ग्रामीणों के चेहरों पर नई मुस्कुराहट और उनके जीवन में नई खुशहाली आयेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज धार में ग्रामोदय मिशन के राज्य-स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केन्द्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर असम से वर्चुअली शामिल हुए।

कोरोना की विपरीत परिस्थितियों में बनाये 3 लाख आवास-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। बेघरों के लिए तेजी से आवास बनाए जा रहे हैं। पिछले एक वर्ष में कोरोना काल की विपरीत परिस्थितियों में भी 3 लाख आवास का निर्माण पूरा कर जरूरतमंद परिवारों को दिए गए। हमारा प्रयास है कि वर्ष 2022 तक कोई भी आवासहीन नहीं रहे, सबका पक्का मकान हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसान हितैषी है। किसानों की भलाई के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। किसानों के हक की बीमा राशि, राहत राशि, सम्मान निधि सहित अन्य सभी सुविधाएँ दी जाएँगी। उन्होंने कहा कि बैंकों में बकाया कृषि ऋण जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए मिशन ग्रामोदय प्रारम्भ किया गया है। इसमें हर गाँव में पक्की सड़क का निर्माण, हर ग्राम पंचायत का भवन, हर ग्राम पंचायत में मुक्तिधाम और खेल मैदान होंगे। हर गाँव के हर घर में नल से जल पहुँचाया जाएगा। इस वर्ष 26 लाख घरों में नल से जल पहुँचाने की व्यवस्था की जा रही है। अगले 3 वर्षों में एक करोड़ 2 लाख घरों में नल से जल पहुँचाने का कार्य किया जायेगा। मिशन ग्रामोदय में स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जाएगा। उन्हें मात्र 2 प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया जाएगा। स्व-सहायता समूहों को स्कूलों के बच्चों की ड्रेस बनाने तथा आँगनवाड़ियों के लिए पोषण आहार बनाने का कार्य सौंपा जा रहा है।

संबल योजना का लाभ हर जरूरतमंद परिवार को-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संबल योजना पुनः शुरू की गई है। इसके हर घटक का लाभ हर जरूरतमंद परिवार को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर 20 से 25 किलोमीटर के दायरे में एक अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त उन्नत स्कूल बनाया जाएगा। इसके लिए 1500 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है। ऐसे स्कूल के बच्चों को निःशुल्क परिवहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोरोना को नियंत्रित करने के लिए सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में भगोरिया सहित अन्य किसी भी त्यौहार एवं पर्व को मनाने पर रोक नहीं है। कोरोना प्रभावित जिलों में जन-स्वास्थ्य को देखते हुए निर्णय लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि धार में स्वर्गीय श्री कुशाभाऊ ठाकरे के नाम पर बस स्टेण्ड तथा पीथमपुर में शासकीय महाविद्यालय का नया भवन बनाया जाएगा।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में अव्वल-केन्द्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश में ग्रामीण विकास योजनाओं विशेषकर प्रधानमंत्री आवास तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अनेक ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश के अव्वल 5 राज्यों में शामिल है। श्री तोमर ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। कृषि क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने पंजाब और हरियाणा को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 3 लाख से अधिक आवास बन चुके हैं। तेजी से आवास बनाए जा रहे हैं। योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में दूसरे नंबर पर है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में मालिकाना हक दिलाने के लिए स्वामित्व योजना प्रारम्भ की गई है।प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि आज का कार्यक्रम अभूतपूर्व है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पूर्व में पौने दो लाख परिवारों को आवास दिए जा चुके हैं और आज सवा लाख परिवारों को आवास देकर गृह प्रवेश करवाया गया है। यह मध्यप्रदेश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। प्रदेश में पाँच लाख और हितग्राहियों के लिए आवास बनाए जाएँगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए धनराशि की कमी नहीं है। औद्योगिक निवेश तथा प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगाँव ने आभार माना। कार्यक्रम में सांसद श्री छतर सिंह दरबार, पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री विक्रम वर्मा, पूर्व मंत्री श्रीमती रंजना बघेल, विधायक श्रीमती नीना-विक्रम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती-मोहन पटेल और पूर्व सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर भी मौजूद थे।

बालाघाट के डॉक्टर ने

जबलपुर की युवती से किया बलात्कार

पुष्पांजली टुडे न्यूज़

ग्वालियर। जबलपुर गोरखपुर थाने में दुराचार के दो मामले दर्ज किए गए हैं। बालाघाट में रहने वाले एक डॉक्टर ने जबलपुर की युवती को बहला-फुसलाकर उसके साथ बलात्कार किया जबकि एक शहर के युवक ने मंडला की युवती को शहर लाकर उसके साथ कई दिनों तक दुराचार किया। दोनों मामलों पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज आरोपियों की तालाश शुरू कर दी है।डॉक्टर करता रहा शोषण गोरखपुर थाने में 34 वर्षीय युवती ने बैहर बालाघाट निवासी डॉक्टर अमर बिसेन के खिलाफ बुधवार रात धारा 376 (2) (घ), 506 भादवि का प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक शहडोल निवासी युवती की 26 वर्ष की उम्र में सितंबर 2013 में अमर से मॉल में मुलाकात हुई थी। वहीं, दोनों ने एक-दूसरे का मोबाइल नंबर लिया था। उनके बीच बातचीत होती रही। युवती के मुताबिक नवंबर 2013 में ही अमर उसे घुमाने के बहाने रामपुर सब्जी मंडी स्थित किराए के मकान में ले गया। वहां उसके साथ रेप किया।प्यार में यह सब होता है और करता रहा दुराचार मना करने पर बोला कि प्यार में यह सब होता है। इसके बाद वह अक्सर उसके साथ संबंध बनाता रहा। जुलाई 2019 में बोला कि शादी के लिए पैसे चाहिए। ऐसा करो कि तुम भी कमाओ और वह भी कमाएगा। फिर वह सिवनी में क्लीनिक खोलने का बोलकर चला गया। फोन पर बातचीत होती रही। 15 मार्च 2021 को उसने फोन कर बोला कि वह शादी नहीं कर पाएगा। धमकी दी कि कहीं रिपोर्ट की, तो जान से मार देगा।

आदिवासी युवती से रेप-24 वर्षीय आदिवासी युवती के साथ 28 वर्षीय युवक शादी का झांसा देकर छह माह से रेप कर रहा था। युवती मंडली की है। आरोपी उसे शहर में किराए के मकान में रखा था। अचानक वह युवती को छोड़कर भाग गया। इसके बाद पीड़ित ने थाने जाकर केस दर्ज कराया। वहीं, गोरखपुर में 34 वर्षीय युवती ने एक डॉक्टर के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय आदिवासी युवती बीजाडांडी मंडला की रहने वाली है। छह महीने पहले राहुल साहू (28) उसे जबलपुर में किराए का मकान में लेकर रखा था। दोनों लिव इन में रह रहे थे। राहुल ने उसे शादी का झांसा दिया था। वह छह महीने से युवती के साथ रेप करता रहा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भीड़ में भी सुन ली आदिवासी महिला की पुकार

धार में मिशन ग्रामोदय कार्यक्रम में 'मुझे मामा से मिलना है' कहने वाली महिला को ढूँढ कर मिले मुख्यमंत्री

ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आम जनता के लिए सदैव संवेदनशील रहते हैं। इसका उदाहरण आज धार में आयोजित मिशन ग्रामोदय के राज्य-स्तरीय कार्यक्रम में भी देखने को मिला। मुख्यमंत्री श्री चौहान कार्यक्रम के बाद मीडिया से चर्चा कर ही रहे थे, की भीड़ से एक महिला की आवाज सुनाई पड़ी- मुझे मामा से मिलना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महिला की आवाज सुन ली। उन्होंने यह कहते हुए कि कोई बहन मुझसे मिलना चाहती है। मैं उसके पास जाना चाहूँगा सुरक्षा घेरे से बाहर निकल कर भीड़ में आवाज दी कि- कोई बहन मुझसे मिलना चाहती है, वह कहाँ है। अधिक जन-समुदाय होने के कारण वे महिला से नहीं मिल सके। मुख्यमंत्री चौहान के मन में तो उसकी आवाज गूँज रही थी। उन्होंने कलेक्टर श्री आलोक सिंह से कहा कि- मैं उस बहन से जरूर मिलना चाहूँगा। बहुत प्रयास के बाद महिला मिली और वह भी ग्राम लुन्हेरा से आयी ममता निनामा। उसे तत्काल मुख्यमंत्री के पास लाया गया। मुख्यमंत्री ने उस महिला से पूछा कि- बहन क्या समस्या है। थोड़ी देर तो ममता को विश्वास ही नहीं हुआ। फिर उसने बताया कि %ग्राम की सहकारी समिति में सेल्समेन की भर्ती में मैंने भी आवेदन किया था, लेकिन चयन किसी दूसरी पंचायत वाले का हो गया है मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ममता निनामा को ढाँढस बँधाया और कलेक्टर को तत्काल प्रकरण की जाँच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। ममता ने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए कहा कि जिसका मामा इतना दयालु और संवेदनशील हो उसे क्या चिंता, इतनी भीड़ में भी हमारे मामा ने मेरी आवाज सुनी और व्याकुल होकर मुझसे मिले। मैं भगवान को धन्यवाद दूँगी कि ऐसे जन-हितैषी हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री है।

अजा. व अजजा. अत्याचार निवारण अधिनियम की समीक्षा बैठक 25 मार्च को

ग्वालियर। अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत संभाग स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की बैठक 25 मार्च को शाम 4 बजे से मोतीमहल के मानसभागार में आयोजित की गई है। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर रेंज, पुलिस महानिरीक्षक चंबल रेंज, ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला अभियोजन अधिकारी तथा आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित होंगे।

पंचायत एवं मनरेगा
के समस्त अभिलेख के थोक
एवं खेरिज विक्रेता
मनीष बंसल
मो.नं. 9755898938
पता-कल्पना नगर मुरार.

महाराजा मानसिंह तोमर संगीत कला एवं संस्कृति समिति, ग्वालियर
फाग गायन प्रतियोगिता
दिनांक - 21 मार्च 2021, प्रातः 11 बजे से
स्थान - कोलुआ मन्दिर (कालेश्वर धाम)
फ्री रजिस्ट्रेशन 19 मार्च 2021 तक
सम्पर्क करें
9713253992, 7000641998, 7974952288, 7489107900
9329493756, 7747959500, 9669673574, 9826230218
निवेदक - महाराजा मानसिंह तोमर संगीत कला एवं संस्कृति समिति, ग्वालियर
सौजन्य से - सोम्या प्रोपर्टीज, ग्वालियर
मात्र 9000 रु. महीने देकर ग्वालियर में प्लॉट लें पक्की फार्म 4 कॉलोनी
विपिन तोमर "भिड़ौसा" +91 9713253992, 9301759475

PTV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
WhatsaPP :- 9425665944, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478